गुरुवार, 19 फरवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 18 – 28 |
| आर्द्रता | 53% |
| सूर्योदय: 06:07 | सूर्यास्त: 17:35 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : आत्मसम्मान बहुत कीमती चीज है, कोई हाथ छुड़ाये को छोड़ दीजिये।



प्रधानमंत्री मोदी से मिले सुंदर पिचाई, एआई सहयोग पर हुई चर्चा पृष्ठ 8

## उत्तर प्रदेश में 3.26 करोड़ मतदाताओं को एसआईआर नोटिस: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई) के तहत 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजे गए हैं और उन्होंने भरोसा दिलाया कि सिर्फ नोटिस न मिलने की वजह से किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। रिणवा ने एसआईआर की हालिया प्रगति का ब्योरा देते हुए नोटिस, विसंगतियों की पहचान करना और नाम जोड़ने-हटाने में इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-छह और फॉर्म-सात से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट किया। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के रिकॉर्ड में नो मैपिंग या तार्किक विसंगतियां पाई गईं उन्हें नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मसौचा सूची में थे, उन्हें नोटिस भेजे गए। इनमें से 1.04 करोड़ मतदाताओं ने पिछली एसआईआर के दौरान संबंधित कॉलम खाली छोड़ दिया था और मतदाता सूची की ''मैपिंग'' पूरी नहीं की थी, जबकि 2.22 करोड़ के रिकॉर्ड में तार्किक गड़बड़ियां थीं। उन्होंने बताया कि 1.85 करोड़ नोटिस वितरित किए जा चुके हैं और 1.15 करोड़ मामलों में सुनवाई पूरी हो चुकी है। रिणवा ने कहा, पांच फरवरी तक केवल 30 लाख सुनवाई हुई थीं। 18 फरवरी की सुबह तक यह संख्या 1.15 करोड़ पहुंच गई और पिछले तीन दिनों में ही करीब 37 लाख सुनवाई पूरी हुईं।

# इस्कॉन मानवता की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा : अमित शाह

- गृह मंत्री ने सरस्वती ठाकुर जी के 152वीं जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में किया संबोधित
- कहा... 'गृह मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि अनुयायी के तौर पर शामिल हुआ'



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि इस्कॉन प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों और सामाजिक कल्याण पहलों के माध्यम से मानवता की सेवा करते हुए विश्व भर में सनातन धर्म का ध्वज फहराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इस दिन, नदिया जिले के मायापुर स्थित अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर में भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर की 152वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान भक्तों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वह इस आध्यात्मिक केंद्र में अपनी आधिकारिक क्षमता में नहीं बल्कि चैतन्य महाप्रभु के भक्त के रूप में आए हैं। शाह ने कहा कि भाइयों और बहनों, आपने आदरपूर्वक मुझे भारत का गृह मंत्री कहा, लेकिन मैं यहां गृह मंत्री के रूप में यहां नहीं आया हूं। मैं यहां चैतन्य महाप्रभु के एक समर्पित अनुयायी के रूप में आया हूं। शाह ने बताया कि उनकी लंबे समय से मायापुर जाने की इच्छा थी, लेकिन परिस्थितियों के कारण यात्रा में देरी हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस्कॉन का वैश्विक प्रसार भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर और ए सी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के जीवन भर के कार्यों का परिणाम है। उन्होंने इस्कॉन को विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोगों तक आध्यात्मिक शिक्षा पहुंचाने का श्रेय दिया। शाह ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री के रूप में अपनी यात्राओं के दौरान उन्होंने पूरे भारत में इस्कॉन के प्रभाव को देखा है। उन्होंने बताया कि इस्कॉन द्वारा प्रकाशित भगवद्गीता की प्रतियां सभी आयु वर्ग और व्यवसायों के लोगों के लिए सुलभ हैं। उन्होंने कहा कि चाहे स्कूली बच्चे हों, कॉलेज के युवा हों, गृहिणियां हों या युवा पेशेवर हों, इस्कॉन ने सभी को भगवद्गीता की शिक्षाओं का पालन करने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अक्सर विश्व के अन्य नेताओं को गीता भेंट करते हैं क्योंकि इसका संदेश सार्वभौमिक कल्याण को बढ़ावा देता है। इस्कॉन के मानवीय कार्यों पर प्रकाश डालते हुए शाह ने कहा कि संगठन की भूमिका धार्मिक गतिविधियों से कहीं अधिक व्यापक है और आपदाग्रस्त क्षेत्रों में सबसे पहले पहुंचने वाले खाद्य वितरण शिविरों में इसके शिविर भी शामिल हैं। उन्होंने अस्पतालों और स्कूलों की स्थापना, पर्यावरण संबंधी पहलों और भारतीय त्योहारों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने में इस्कॉन के कार्यों का भी उल्लेख किया। शाह ने कहा कि मतुआ महासंघ ने हमेशा सामाजिक कल्याण की भावना को आगे बढ़ाया है। हरिचंद ठाकुर और गुरुचंद ठाकुर ने इस आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज के बड़े वर्गों को एकजुट करने का काम किया।

## ईडी ने पीएसीएल मामले में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का अब तक का सबसे बड़ा कुर्की आदेश जारी किया

### ईडी की यह कार्रवाई 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना से जुड़ी हैं

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 247 अचल संपत्तियों पर शिकंजा कसते हुए अब तक का सबसे बड़ा एकल कुर्की आदेश जारी किया है। इस समूह पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना को अंजाम देने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी रूप से जब्त की गई संपत्तियां पंजाब के एसएएस नगर (मोहाली), रूपनगर और जीरकपुर में स्थित हैं। कुर्क की गयी 247 संपत्तियों की पहचान निवेशकों के धन से अधिग्रहित संपत्तियों के रूप में की गई है, जो अपराध की आय का हिस्सा हैं। इनका मूल्य 10,021.46 करोड़ रुपये आंका गया है। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि संपत्ति के मूल्य और संख्या के हिसाब से यह संभवतः एजेंसी द्वारा जारी किया गया अब तक का सबसे बड़ा एकल कुर्की आदेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जब धन शोधन के मामलों में अधिक मूल्य की संपत्तियों को जब्त किया गया है, लेकिन वे आपस में जुड़े हुए मामले हैं, न कि कोई एक मामला। ईडी की जांच फरवरी 2014 में सीबीआई द्वारा पीएसीएल लिमिटेड, उसके दिवंगत प्रवर्तक निर्मल सिंह भंगू और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए मामले से संबंधित है। भंगू का निधन अगस्त 2024 में हुआ था। ईडी के अनुसार, पीएसीएल की आरोपी संस्थाओं और व्यक्तियों ने कृषि भूमि की बिक्री और विकास की आड़ में भारत भर के लाखों निवेशकों से धोखाधड़ी करके 48,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाकर एक अवैध सामूहिक निवेश योजना का संचालन किया। ईडी ने 2016 में दर्ज इस मामले में अब तक चार आरोपपत्र दाखिल किए हैं। नए आदेश के साथ, ईडी ने अब तक विदेशों में स्थित कुछ संपत्तियों सहित 17,610 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है।

## संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम बंगाल की 'मातिर सृष्टि' पहल और सुगंधित चावलों को मान्यता दी : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने प्राकृतिक विरासत और जैव विविधता के संरक्षण के लिए राज्य सरकार के समुदाय आधारित 'मातिर सृष्टि' पहल को मान्यता देते हुए एक अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एफएओ ने राज्य की सुगंधित चावल की तीन किस्मों को भी मान्यता दी है। उन्होंने बताया कि 'मातिर सृष्टि' पहल 2020 में शुरू की गई और इसके तहत राज्य सरकार ने एक अनूठा दृष्टिकोण तैयार किया है, जिसमें भूमि, सिंचाई और पंचायतों से जुड़ी रणनीतियों को एकीकृत किया गया है। इस दिन, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह साझा करते हुए गर्व हो रहा है कि संयुक्त राष्ट्र ने एक बार फिर हमारी पहल को मान्यता दी है। एफएओ ने हमारे 'मातिर सृष्टि' कार्यक्रम में सामुदायिक पहलों के लिए हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य प्रमाणपत्र प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य बंजर, अनुपयोगी, शुष्क और एक ही फसल वाली भूमि को अंततः उपजाऊ बनाना है इसी के साथ उसे बागवानी और सब्जी की खेती सहित कई फसलों को उगाने के लिए उपयुक्त बनाना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाबों और अन्य सिंचाई स्रोतों जैसी नयी सुविधाएं विकसित कर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित की गई है। इससे लाखों लोगों के लिए आजीविका के अवसर पैदा हुए हैं और परिवारों की आय में कई गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए और भी खुशी हो रही है कि संयुक्त राष्ट्र (एफएओ) ने पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध गोविंदभोग, तुलाईपांजी और कनकचूर सुगंधित चावल को खाद्य एवं संस्कृति विरासत के रूप में भी मान्यता दी है। ममता ने एफएओ के महानिदेशक से प्राप्त मान्यता प्रमाणपत्र साझा करते हुए कहा, हम इस सम्मान को अपने पूरे ग्रामीण समुदाय, विशेषकर बंगाल के किसानों को समर्पित करते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एस्टोनिया के राष्ट्रपति, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस के साथ एक ''शानदार'' बैठक की तथा विशेष रूप से भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के संदर्भ में द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि उन्होंने भविष्य की प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा प्रबंधन, कौशल विकास और अन्य क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिस देश ने प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। हमने अपनी आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की, विशेष रूप से भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के संदर्भ में, जो एक ऐतिहासिक समझौता है।'' एस्टोनिया के प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैंने नरेन्द्र मोदी के साथ, बदलती वैश्विक व्यवस्था और नयी प्रौद्योगिकी के लोकतंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में चर्चा की। मैंने रूस द्वारा जीवाश्म ईंधन के आयात में कटौती किये जाने और यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ाने के भारत के कदम का स्वागत किया।''

## राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव

### 10 राज्यों में खाली हो रहीं सीटें

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा की 37 सीट पर 16 मार्च को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने की संभावना है क्योंकि जिन 10 राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं, उनमें से छह में पार्टी की सरकार है या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। कुल 37 सीट दो और नौ अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं उनमें महाराष्ट्र (सात सीट), ओडिशा (चार), तेलंगाना (दो), तमिलनाडु (छह), छत्तीसगढ़ (दो), पश्चिम बंगाल (पांच), असम (तीन), हरियाणा (दो), हिमाचल प्रदेश (एक) और बिहार (पांच) शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचनाएं 26 फरवरी को जारी की जाएंगी। स्थापित परंपरा के अनुसार, 16 मार्च को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना की जाएगी। महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और असम में भाजपा की सरकारें हैं या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। इससे पार्टी को उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में मदद मिलेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में, विपक्षी पार्टियां सत्ता में हैं। महाराष्ट्र में, यदि विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) एकजुट होकर चुनाव लड़ता है, तो वह राज्यसभा में एक सीट हासिल कर सकता है। राज्य में सात सीट रिक्त हो रही हैं। जिन सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, उनमें शरद पवार (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार), अभिषेक सिंघवी (कांग्रेस), साकेत गोखले (तृणमूल कांग्रेस), रामदास आठवले (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-आठवले), एम थंबीदुरई (ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और तिरुची शिवा (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) शामिल हैं।

## भागवत ने पश्चिमी देशों पर लगाया 'जड़वाद' फैलाने का आरोप, अमेरिका और चीन पर साधा निशाना



**लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने पश्चिमी देशों पर ''जड़वाद'' फैलाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि इन देशों की सोच है कि बलशाली बनकर खुद जियो और जो भी बाधक बने उसे मिटा दो, और आज यही काम अमेरिका और चीन कर रहे हैं। भागवत ने यह भी कहा कि भारत को अगर 'विश्व गुरु' बनना है तो उसे सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, भागवत ने लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में कहा कि वर्तमान में वैश्वीकरण का मतलब बाजारीकरण से है, जो खतरनाक है। उन्होंने कहा, ''पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया। उन देशों की सोच है कि बलशाली बनकर खुद जियो और बाकी को छोड़ दो, जो बाधक बने उन्हें मिटा दो। यही काम आज अमेरिका और चीन कर रहे हैं।'' भागवत ने कहा कि आज दुनिया भर की समस्याओं का जवाब भारत के पास है, मगर यदि उसे विश्व गुरु बनना है तो सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा, क्योंकि दुनिया तभी मानती है जब सत्य के पीछे शक्ति हो। संघ प्रमुख ने शिक्षा और स्वास्थ्य के व्यवसायीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकताएं है और यह व्यवसाय नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सबके लिए सुलभ होने चाहिए।

# निजी अंग पकड़ना, पायजामे का नाड़ा खींचना 'बलात्कार का प्रयास' है : उच्चतम न्यायालय

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विवादास्पद आदेश को किया रद्द



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए कहा है कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना ''बलात्कार का प्रयास'' है। उच्च न्यायालय ने अपने विवादित आदेश में कहा था कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना ''बलात्कार करने की केवल तैयारी'' हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश को ''आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग'' के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वत: संज्ञान लेकर दायर याचिका पर 10 फरवरी को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के इस आदेश का संज्ञान लिया है कि केवल ''निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के बराबर नहीं'' है। उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया और मामले के दो आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज बलात्कार के प्रयास के मूल कड़े आरोपों को बहाल कर दिया। पीठ ने कहा, ''हम उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष से सहमत नहीं हो सकते कि इस मामले में आरोप केवल तैयारी से संबंधित थे और वे बलात्कार करने का प्रयास का नहीं थे।'' उसने कहा, ''आरोपियों द्वारा किया गया प्रयास हमें स्पष्ट और अनिवार्य रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचाता है कि शिकायतकर्ता और अभियोजन पक्ष द्वारा बलात्कार के प्रयास से संबंधित प्रावधान लागू किए जाने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। विवादित निर्णय आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि इन आरोपों को सरसरी तौर पर देखने पर भी इस बात को लेकर ''रत्ती भर संदेह'' की गुंजाइश नहीं रहती कि जो मामला बनता दिख रहा है, वह यह है कि आरोपियों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार) के तहत अपराध करने के पूर्व निर्धारित इरादे से ये हरकतें कीं। पीठ ने कहा, ''17 मार्च, 2025 का विवादित फैसला रद्द किया जाता है और 23 जून, 2023 का वह मूल समन आदेश बहाल किया जाता है जो विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), कासगंज ने पारित किया था।''



## फसल बीमा का पूरा लाभ मिले किसान को

एक दशक पूर्व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना यानी पीएमएफबीवाई इस मकसद से शुरू की गई थी कि देश के अन्नदाता के हित तमाम ऊंच-नीच में सुरक्षित रह सकें। सदियों से प्राकृतिक आपदाओं का त्रास पीढ़ी-दर-पीढ़ी भुगतते किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करने का प्रयास मोदी सरकार ने किया था। मकसद था किसान हितों को प्राथमिकता दी जाए। लेकिन जिस पीएमएफबीवाई के आज दस साल पूरे हो रहे हैं, वह आज एक चुनौतिपूर्ण मोड़ पर खड़ी है। जिसके वास्तविक लाभों पर मंथन करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। दरअसल, मोदी सरकार ने वर्ष 2016 में खेती-किसानी में एक बड़े जोखिम को कम से कम करने का प्रयास किया था। फसल बीमा से किसानों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। दरअसल, इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसानों को जलवायु और बाजारों की बढ़ती अस्थिरता से बचाना था। लेकिन विडंबना यही है कि इस योजना के अपेक्षित लाभ किसानों को नहीं मिल पाये। बल्कि यह योजना बीमा कंपनियों के लिये दुधारू गाय बनकर रह गई। यहां तक कि भाजपा शासित राज्यों हरियाणा और राजस्थान से मिली प्राथमिक जानकारी से पता चला है कि इस योजना का लाभ किसान के बजाय बीमा कंपनियां जमकर उठा रही हैं। वर्ष 2023 से 2025 के बीच, हरियाणा में बीमा कंपनियों ने पीएमएफबीवाई के तहत 2,827 करोड़ रुपये का सकल प्रीमियम एकत्र किया था। लेकिन जहां तक फसलों को हुई क्षति के लिये दावों के भुगतान का प्रश्न है, केवल 731 करोड़ रुपये का ही भुगतान किया गया है। यानी बीमा कंपनियों को सीधे-सीधे 2,000 करोड़ से अधिक का लाभ हुआ है। इतना ही नहीं, शेष देश के आंकड़े भी कम चौंकाने वाले नहीं हैं। केवल तीन वर्षों में ही 82,015 करोड़ रुपये बीमा कंपनियों द्वारा प्रीमियम के रूप में एकत्रित किए गए। जबकि किसानों को क्षतिपूर्ति के लिये मात्र 34,799 करोड़ रुपये ही वितरित किए गए। बीमा कंपनियों को 47,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ हुआ।

यह विडंबना ही है कि जिस महत्वाकांक्षी फसल बीमा योजना को किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिये लाया गया था, वो बीमा कपंनियों की मुनाफाखोरी का जरिया बन गई है। निश्चय ही देश की खाद्य सुरक्षा व किसान हित में योजना को बीमा कंपनियों के मुनाफे का जरिया बनने से रोकने की जरूरत है। बल्कि फसल बीमा योजना के क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि किसान को अधिक लाभ मिल सके। हरियाणा के कुछ हिस्सों में किसानों के दावों में की जाने वाली देरी अथवा किसानों के दावे खारिज किए जाने के खिलाफ धरना देने की बात भी सामने आई है। वहीं दूसरी ओर राजस्थान में फसल बीमा योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। अनुचित लाभ उठाने के लिये जाली फॉर्म और फर्जी बैंक खातों का उपयोग किया गया है। निस्संदेह, यदि बीमा कंपनियां सिर्फ मुनाफा कमाती रहीं और किसान को योजना का लाभ पर्याप्त रूप से न मिला, तो निश्चित रूप से किसानों का इस योजना से भरोसा उठ जाएगा। ऐसे में यदि किसान अनियमित मौसम की मार, बढ़ते कर्ज के बोझ और नौकरशाही की बाधाओं से जूझते रहे तो वे योजना का लाभ पाने से वंचित हो जाएंगे। निस्संदेह, पीएमएफबीवाई किसानों के हितों को संरक्षित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें पारदर्शिता बढ़ाने के लिये सैटेलाइट इमेजरी, ड्रोन और तकनीक आधारित उपज अनुमान प्रणाली को एकीकृत करने का प्रयास किया गया था। इतना ही नहीं, पीएमएफबीवाई के अंतर्गत किफायती प्रीमियम केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा भारी सब्सिडी के साथ दिया जाता है। निर्विवाद रूप से प्रीमियम का बड़ा हिस्सा जनता के पैसे से भरा जाता है। जब प्रीमियम व दावा अनुपात विरोधाभासी हो तो करदाताओं के पास जवाबदेही मांगने का पूरा अधिकार है। निस्संदेह ऐसे वक्त में जब पीएमएफबीवाई ग्यारहवें वर्ष में प्रवेश कर रही है, सुधारों से इसका भविष्य तय होना चाहिए। पारदर्शी ऑडिट, दावों का तेजी से निपटान, बीमा कंपनियों की कारगुजारी पर कड़ी निगरानी की जरूरत व इस प्रक्रिया में किसानों का अधिक प्रतिनिधित्व आवश्यक है। तभी यह योजना किसानों के लिये सुरक्षा कवच बनेगी और किसानों का भरोसा बहाल होगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 फरवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वितीया, 15:56 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 20:40 तक, योग : सिद्ध, 20:33 तक, सूर्योदय: 06:07, सूर्यास्त: 17:35, चन्द्रोदय : 07:07, चन्द्रास्त: 19:23, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 13:15 से 14:40

## राशिफल

**मेष :** आपकी राशि के स्वामी मंगल आज मकर राशि में आपके कर्म भाव 10वें में उच्च के होकर गोचर कर रहे हैं। इसकी वजह से कार्यक्षेत्र में आपका पराक्रम देखने को मिलेगा।

**वृष :** आपके करियर के क्षेत्र दशम भाव में कुंभ राशि में बना 'चतुर्ग्रही योग' आपको क्रांतिकारी या तकनीकी रूप से उन्नत करने की प्रेरणा देगा। बड़ी उपलब्धियां हासिल होंगी।

**मिथुन :** अनुशासन और कठोर मेहनत से आज आपको कार्यस्थल पर विशेष सम्मान मिलेगा। किसी नए प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार करना आपके लिए 'गेम-चेंजर' साबित हो सकता है।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में आपको लीडरशिप रोल मिल सकता है। मगर, अपनी वाणी में कड़वाहट या अहंकार दिखाने से बचें। आज पर्दे के पीछे रहकर काम करना आपके लिए अधिक फायदेमंद होगा।

**सिंह :** ऑफिस पॉलिटिक्स से दूर रहकर अपनी कार्यकुशलता पर ध्यान दें। साझेदारी के व्यापार में आज कोई बड़ा कॉन्ट्रेक्ट मिल सकता है। आपकी नेतृत्व क्षमता दूसरों को प्रभावित करेगी।

**कन्या :** आज आपकी बौद्धिक क्षमता तेज रहेगी, जिससे जटिल समस्याओं का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। बारीकियों पर आपकी नजर आपको ऑफिस में दूसरों से आगे रखेगी।

**तुला :** रचनात्मक कार्यों, डिजाइन और कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बड़ी पहचान दिलाने वाला हो सकता है। आप अपने नए विचारों को कार्यक्षेत्र में लागू करने का साहस दिखा सकेंगे।

**वृश्चिक :** पर्दे के पीछे रहकर काम करने की आपकी रणनीति आज सफल रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**धनु :** नेटवर्किंग और संवाद के क्षेत्र में आज आपका सिक्का चलेगा। आपकी वजनदार बातों में आज कोई काट नहीं पाएगा। आपके साहसी विचारों की कार्यक्षेत्र में सराहना होगी।

**मकर :** आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत प्रभावशाली नेतृत्व की भूमिका में रहेंगे। रियल एस्टेट, सुरक्षा या तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि हासिल होगी।

**कुम्भ :** आपकी राशि में बना 'चतुर्ग्रही योग' करियर में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। नई सोच और नवाचार से आपको बड़ी कामयाबी मिलेगी। बड़े संगठनों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने के यौग बन रहे हैं।

**मीन :** विदेशी व्यापार या बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने वालों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित हो सकता है। धैर्य की नीति अपनाएं और जल्दबाजी में कोई व्यावसायिक सौदा न करें।

# बिहार : राज्यसभा की पांच सीटें राजग के खाते में जाने की संभावना



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के बाद राजग को राज्य से राज्यसभा में भी बढ़त मिलने की पूरी संभावना है। बिहार से राज्यसभा के जिन पांच सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें से तीन जदयू से तथा दो राजद से हैं। जदयू के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, पार्टी के सामने दुविधा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर की उम्मीदवारी को लेकर है। दोनों ही नेता राज्यसभा में दो कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। वरिष्ठ नेता के मुताबिक, पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री आर सी पी सिंह को पार्टी ने राज्यसभा में तीसरे कार्यकाल के लिए उम्मीदवार बनाने से इनकार कर दिया था। उनके मुताबिक, तब यह कहा गया था कि पार्टी राज्यसभा में किसी को भी दो से ज्यादा कार्यकाल दिए जाने के पक्ष में नहीं है। बिहार में संख्या बल के हिसाब से राज्यसभा की पांच सीटों पर होने वाले चुनाव में विपक्ष को एक भी सीट पर जीत मिलने की संभावना नहीं है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 26 फरवरी से शुरू होगी और मतदान 16 मार्च को होगा। राज्यसभा चुनाव के मौजूदा गणित के अनुसार, एक उम्मीदवार को जीत के लिए कम से कम 40 वोटों की जरूरत होगी। पिछले नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में राजग को 202 सीटें मिली थीं, जबकि राजद, कांग्रेस और वाम दलों के गठबंधन को कुल मिलाकर 35 सीटों पर ही सिमटना पड़ा था। हालांकि, राज्यसभा की जिन पांच सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से फिलहाल कोई भी भाजपा के पास नहीं है, जबकि 89 विधायकों के साथ वह विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी है। दो सीटें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पास हैं। दोनों मौजूदा सांसद - केंद्रीय मंत्री और 'भारत रत्न' कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर तथा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह - लगातार दूसरे कार्यकाल में हैं। गौरतलब है कि जदयू प्रमुख और राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कुछ वर्ष पहले पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी पी सिंह को लगातार तीसरा कार्यकाल देने से इनकार कर दिया था।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मोहन भागवत से मुलाकात की। संघ के शताब्दी वर्ष के तहत अपने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन भागवत राजधानी में रहे। बुधवार रात करीब आठ बजे आदित्यनाथ उनसे मिलने निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे। दोनों के बीच लगभग 40 मिनट तक बैठक हुई, लेकिन इसका एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है। हालांकि, भागवत द्वारा लगातार हिंदू एकता पर जोर दिए जाने के मद्देनजर इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह मुख्यमंत्री के हालिया भाषणों के सुर से मेल खाता है जिनमें उन्होंने प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के 'पीडीए अभियान' का जिक्र किया है। भागवत जनवरी में 10 दिन के दौरे पर मथुरा गए थे। इसी महीने वह फिर उत्तर प्रदेश आए और अपने कार्यक्रम की शुरुआत गोरखपुर के तीन दिवसीय दौरे से की, जिसके बाद वह लखनऊ पहुंचे।

### शादी समारोह के दौरान वाहन की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत, महिला समेत तीन घायल

**जयपुर :** राजस्थान के टोंक जिले के गोल डूंगरी इलाके में बुधवार शाम एक शादी समारोह में चल रहे पिकअप वाहन के नीचे दबने से दो बच्चों की मौत हो गई और एक महिला और दो बालिकाएं घायल हो गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पिकअप वाहन पर बड़ा 'म्यूजिक सिस्टम' लगा हुआ था, जो शादी समारोह के दौरान लोगों के साथ चल रहा था। सदर थाना प्रभारी जयमलसिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान गोल डूंगरी निवासी कुलदीप (8) और दिलखुश (9) के रूप में हुई, वहीं घायलों में अंता (34), ऊषा (8) तथा नेहा (7) शामिल हैं।

### छात्रा ने परीक्षा के तनाव के कारण आत्महत्या की

सुलतानपुर (उप्र) : सुलतानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र में इंटरमीडिएट की एक छात्रा ने कथित रूप से परीक्षा के तनाव के कारण आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना रामपुर बाबुआन गांव की है, जहां छात्रा का शव घर में फंदे से लटकता मिला। बुधवार से उसकी 12वीं की परीक्षाएं शुरू होनी थीं। पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान जग नारायण यादव की 17 वर्षीय बेटी लक्ष्मी सेन के रूप में हुई है। वह अयोध्या जिला स्थित गायत्री विद्या मंदिर से इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही थी। परिजनों के अनुसार, लक्ष्मी पिछले कुछ दिनों से परीक्षा को लेकर तनाव में थी।

### राजस्थान के 200 बांधों और तालाबों का जीर्णोद्धार करवाएगी सरकार : मंत्री

**जयपुर :** राजस्थान सरकार आगामी वित्त वर्ष में 200 बांधों और तालाबों का जीर्णोद्धार करवाएगी। सरकार की ओर से बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी गई। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि राज्य के जीर्ण-शीर्ण अवस्था के बांधों और तालाबों के जीर्णोद्धार के उद्देश्य से वर्ष 2026-27 में प्रथम चरण में लगभग 200 बांधों और तालाबों के लिए 300 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। रावत प्रश्नकाल के दौरान विधायक घनश्याम द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि टोडाभीम के बिशन समंद बांध एवं नहर का निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूरा होना प्रस्तावित है।

### शाहजहांपुर में वन विभाग की 300 बीघा जमीन 74 साल पुराने कब्जे से मुक्त करायी गयी

**शाहजहांपुर (उप्र) :** शाहजहांपुर जिले में प्रशासन ने पिछले 74 वर्षों से वन विभाग की 300 बीघा जमीन पर किसानों द्वारा किए गए कब्जे को हटवा दिया है। इस दौरान जमीन जोतवाकर उस पर खड़ी उनकी फसल को भी नष्ट कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि वर्ष 1952 में खुटार थानाक्षेत्र स्थित जंगल की जमीन पर कब्जा शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे वन विभाग की करीब 300 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया गया और उसमें खेत बनाकर फसल उगानी शुरू कर दी गयी थी। उन्होंने कहा कि कई बार वन विभाग ने कब्जे को हटाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इसके बाद वन अधिकारियों ने पुलिस से इस जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि इस शिकायत पर पुलिस क्षेत्राधिकारी (पुवायां) प्रवीण मलिक के नेतृत्व में एक टीम बनाई गयी, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों को भी शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि इस टीम की देखरेख में जंगल की भूमि पर अवैध कब्जे को मंगलवार को हटाते हुए फसल को जोतवाकर नष्ट कर दिया गया।

### बिहार में 1.19 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ : मंत्री अशोक चौधरी

**पटना :** बिहार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने बुधवार को कहा कि राज्य में अब तक एक लाख 19 हजार 800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 2834 पुल-पुलिया और 7133 किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। ग्रामीण कार्य विभाग के बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए चौधरी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और उनसे कटौती प्रस्ताव वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कटौती प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो जिन विधायकों ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं, उनके क्षेत्रों में विभागीय कार्य प्रभावित हो सकते हैं। विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ग्रामीण कार्य विभाग का 11,342 करोड़ रुपये का बजट ध्वनि मत से पारित हो गया। चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक प्रमोद कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सत्ता पक्ष में होते हुए भी विपक्ष की तरह बोल रहे थे, जबकि उनके क्षेत्र में 168 करोड़ रुपये की लागत से 168 किलोमीटर लंबी 106 सड़कों का निर्माण कराया गया है।

### फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के खिलाफ संभल में प्रदर्शन, मुख्य कलाकारों पर प्राथमिकी दर्ज

संभल (उप्र) : फिल्म ''यादव जी की लव स्टोरी'' के खिलाफ संभल जिले में यादव समुदाय के लोगों ने बुधवार को प्रदर्शन किया और कहा कि यह फिल्म सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के साथ-साथ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। पुलिस के मुताबिक, एक स्थानीय निवासी की शिकायत के बाद फिल्म के निर्माता, निर्देशक और मुख्य कलाकारों के खिलाफ धनारी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गंवा मार्ग पर खिरनी क्रॉसिंग के पास हुए इस प्रदर्शन के दौरान विभिन्न गांवों के लोगों ने सांकेतिक विरोध के तौर पर फिल्म के पोस्टर जलाए और फिल्म की रिलीज पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता अरविंद कुमार ने फिल्म की 27 फरवरी को रिलीज पर आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि इसकी कहानी उनकी और यादव समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि फिल्म में एक यादव लड़की और दूसरे धर्म के लड़के के बीच प्रेम संबंध का चित्रण इस तरह से प्रस्तुत किया गया है, जो नफरत फैला सकता है और सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ सकता है।

## गठबंधन में चुनाव लड़ने की खबरें गुमराह करने वाली 'फेक न्यूज' : बसपा प्रमुख मायावती



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आगामी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की खबरों को गुमराह करने की नीयत से फैलायी जा रही 'फेक न्यूज' करार देते हुए बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी अगला चुनाव अपने बलबूते ही लड़ेगी। मायावती ने यहां 'पीटीआई-वीडियो' से कहा कि इस तरह की खबरें फैलायी जा रही हैं कि बसपा उत्तर प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ेगी। इसकी आम चर्चा है जो विशुद्ध रूप से लोगों को गुमराह करने की नीयत से फैलायी जा रही 'फेक न्यूज' है। उन्होंने कहा, ''यह बिल्कुल गलत, झूठ, हवा-हवाई एवं मनगढ़ंत खबर है। ऐसे में नेताओं के साथ-साथ मीडिया को भी इस प्रकार की खबरों से बचना चाहिए।'' मायावती ने दिल्ली में हो रही 'एआई समिट' पर भी परोक्ष रूप से तंज किया और कहा, ''व्यापक देशहित और जनहित की कड़वी हकीकत के बारे में देश व दुनिया को जागृत करके लोकतंत्र एवं संविधान को मजबूती प्रदान करने के बजाय इन दिनों 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (कृत्रिम मेधा) को सफलता की कुंजी बताने वाली स्वार्थी चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच मीडिया जगत में भी किसी न किसी बहाने बसपा के बारे में यह चर्चा है कि पार्टी उत्तर प्रदेश में विधानसभा का अगला चुनाव गठबंधन में लड़ेगी। यह बिल्कुल झूठ है।''

### तस्करी कर ले जायी जा रही 500 क्विंटल 'खैर' की लकड़ी ज़ब्त, तीन लोग गिरफ्तार

**रामपुर (उप्र) :** रामपुर की वन विभाग की टीम ने तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पंजाब से 500 क्विंटल 'खैर' की लकड़ी बरामद करके तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। रामपुर के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) प्रणव जैन ने कहा कि बरामद की गई लकड़ी की कीमत 50 लाख रुपये से ज्यादा है। यह पहली बार है जब गैर-कानूनी तरीके से काटी गई खैर की लकड़ी की इतनी बड़ी मात्रा दूसरे राज्य से बरामद की गई है। इस लकड़ी को तस्करी करके पंजाब ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि इस अभियान को 'ऑपरेशन खैर' नाम दिया गया, जिसमें राज्य की सीमाओं के पार तस्करी कर लकड़ी ले जा रहे वाहनों की आवाजाही का पता लगाने के लिए तकनीक और 'इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस' का इस्तेमाल किया गया। खैर की लकड़ी उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के तराई के जंगलों में पाई जाती है। इसका इस्तेमाल 'कत्था' बनाने में होता है, जो पान मसाला और गुटखा की एक मुख्य सामग्री है, ज्यादा कीमत होने की वजह से माफिया अक्सर इसकी तस्करी करते हैं।

### झारखंड के रामगढ़ में अनूठी पहल, ट्रांसजेंडर व्यक्ति संचालित करेंगे कैफे

**रामगढ़ :** झारखंड के रामगढ़ जिले में एक 'कैफे' खोला गया है जिसे पूरी तरह से ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य संचालित करेंगे। उपायुक्त फैज अहमद मुमताज ने मंगलवार को जिला समाहरणालय पार्क में 'ट्रांसकैफे' का उद्घाटन किया। यह पहल जिला प्रशासन ने की है और यह कैफे 10 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का एक समूह संचालित करेगा। कैफे के उद्घाटन के बाद उपायुक्त ने कहा, '' ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को लंबे समय से सामाजिक बहिष्कार और अन्य भेदभाव का सामना करना पड़ा है लेकिन अब समय आ गया है कि हम ठोस कदम उठाकर इन अन्यायों को समाप्त करें।'' उपायुक्त मुमताज ने कहा, '' हमारी पहल का उद्देश्य उनकी पहचान और अधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना है। हम एक समावेशी रामगढ़ के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां हर व्यक्ति सम्मान, सुरक्षा और अवसर के साथ जीवन जी सके।'' उपायुक्त ने बताया कि एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) का गठन किया गया है, जो इस कैफे का संचालन करेगा। एसएचजी की अध्यक्ष हिमांशी प्रधान ने कहा कि यह पहल ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को सम्मानजनक तरीके से जीवन जीने में मदद करेगी।

### बिहार में 1.25 लाख से अधिक बीड़ी व तंबाकू श्रमिक पंजीकृत : मंत्री

**पटना :** बिहार में 1.25 लाख से अधिक लोग बीड़ी और तंबाकू श्रमिक के रूप में पंजीकृत हैं, हालांकि उनकी वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है। राज्य सरकार ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी देते हुए कहा कि इन श्रमिकों के कल्याण, दुर्घटना या विकलांगता की स्थिति में मुआवजे सहित अन्य विषयों को लेकर सरकार लगातार चिंतित है। श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' ने बताया, ''भारत सरकार के 'ई-श्रम पोर्टल' के अनुसार कुल 1,25,453 लोगों ने खुद को तंबाकू श्रमिक के रूप में पंजीकृत कराया है। इनमें से लगभग 61,500 जमुई में, 4,947 नालंदा में, 194 सहरसा में और 203 खगड़िया जिले में हैं। हालांकि उनकी वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है।'' मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अक्टूबर 2025 से बीड़ी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी 444 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की है। मंत्री ने कहा, ''जो नियोक्ता और ठेकेदार न्यूनतम मजदूरी नहीं देते, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। जमुई जिले के पांच नियोक्ताओं के खिलाफ न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के तहत मुंगेर स्थित सहायक श्रम आयुक्त की अदालत में दावा आवेदन दायर किया गया। इस प्रक्रिया में कुल आठ बीड़ी श्रमिकों को उनका बकाया वेतन दिलाया गया।''

### राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन 50 रुपए बढ़ी, हर माह मिलेंगे 1300 रुपए

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि में 50 रुपये की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, वृद्धावस्था, विधवा या एकलनारी, दिव्यांगजन तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों को दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि 1250 से बढ़ाकर 1300 कर दी गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि यह बढ़ी राशि एक जनवरी से लागू होगी और इसी माह (फरवरी) से मिलना शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश के 91 लाख पेंशनभोगियों को फायदा मिलेगा।

## झारखंड : 'डायन' कह कर महिला और उसके एक साल के बच्चे को जिंदा जलाया, चार गिरफ्तार

**चाईबासा :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में 'डायन' करार देते हुए 32 वर्षीय एक महिला और उसके एक वर्षीय बच्चे को कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार देर रात हुई इस घटना में महिला का पति भी घायल हो गया, लेकिन वह किसी तरह जान बचा कर भाग निकला। पुलिस ने इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद महिला का पति रात में अपने रिश्तेदार के पास रूका और अगली सुबह यानी बुधवार को पुलिस को हमले के बारे में सूचित किया। महिला के पति ने अपनी शिकायत में यह आरोप लगाया है कि आधी रात को कुछ लोगों द्वारा उसे और उसकी पत्नी को पुकारने की आवाज सुनकर उसकी नींद खुली। शिकायत के अनुसार, जब वह बाहर निकला तो उसने देखा कि करीब एक दर्जन लोग जमा थे और उसकी पत्नी पर जादू-टोना करने का आरोप लगा रहे थे। हंगामे के बीच, भीड़ ने उसकी पत्नी पर केरोसिन डाला और उसे आग लगा दी। इस दौरान महिला की गोद में उसका एक साल का बच्चा भी था। पुलिस ने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## वर्ग पहेली नं. 3356

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | | ■ | 10 | 11 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 12 | | | | 13 | |
| 14 | | | | | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | | |
| 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | 22 | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | | 26 | 27 |
| 28 | | | ■ | 29 | | | ■ | 30 | |

*बायें से दायें:-* 1) छिलका, 3) आगामी, 6) बेबस, 8) क्षण, 9) बहते पानी का मंदध्वनि, 10) खोया, 12) तुरंत, 14) प्रभावी, 15) किनारा; बाण, 17) उदासीनता, 18) जनक, 21) सारा, 23) शक्तिशाली, 25) क्षोभ; उत्तेजना, 28) सुविधा, 29) देह, 30) सौ हज़ार.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सैनिक शिबिर, 2) चमकीला, 3) इच्छा, 4) क्रांतिसूचक रंग, 5) अत्यंत घोर; भीषण मारकाट, 7) पानी, 11) बंदर, 12) दीपाराधन, 13) मुकरना, 14) पूर्वज, 16) लीन; मग्न, 17) प्रभाव, 19) गुलामी, 20) मजाल; हिम्मत, 22) मक्खन, 24) होंठ, 26) आफ़त, 27) जूँ का अंडा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ■ | ई | ■ | ■ | अ | गु | आ | ■ | नी |
| ल | ■ | शा | मि | या | ना | ■ | यु | ग | ल |
| गो | प | न | ■ | च | र | स | ■ | धा | गा |
| पा | ■ | ■ | सी | ना | ■ | रे | ला | ■ | य |
| ल | ल | चा | ना | ■ | दु | आ | ■ | वि | ■ |
| ■ | बा | ■ | ज़ो | र | ■ | म | ह | त्ता | म |
| स | र | दा | र | ■ | बाँ | ■ | ड़ | ■ | ज़ |
| क | ■ | य | ■ | सु | ग | म | ता | ■ | दू |
| ल | च | क | दा | र | ■ | त | ल | ध | र |

## सुडोकू-पहेली-3314

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| 3 | | | 6 | | | 4 | | |
| | 5 | 4 | | | | 8 | | |
| | | | 7 | 2 | 1 | | | |
| 7 | | 1 | | | 5 | | 4 | |
| 8 | | | | | | | | |
| 1 | | | 8 | | | 9 | | |
| | | | | 4 | | 2 | 3 | |
| | | | | 6 | | | | 1 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3313 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 |

# निर्वाचन आयोग के अधिकारी न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन कर रहे : अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान व्हॉट्सऐप के जरिये अधीनस्थों को निर्देश भेजकर चुनाव अधिकारी उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं। अभिषेक ने 'एक्स' पर व्हॉट्सऐप समूह की चैट का कथित 'स्क्रीनशॉट' साझा करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने बार-बार पारदर्शिता, विधिसम्मत प्रक्रिया और आधिकारिक संचार माध्यमों के पालन पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि फिर भी हम देख रहे हैं कि निर्देश औपचारिक, अनुसरणीय और जवाबदेह तरीकों के बजाय व्हॉट्सऐप पर भेजे जा रहे हैं। उन्होंने विशेष सूची पर्यवेक्षक (एसआरओ) सी. मुरुगन द्वारा सूक्ष्म-पर्यवेक्षकों को सीधे भेजे गए निर्देशों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि विश्वसनीय सूचना है कि एसआरओ सी. मुरुगन व्हॉट्सऐप समूह में सीधे सूक्ष्म-पर्यवेक्षकों को जन्म प्रमाणपत्र की स्वीकार्यता संबंधी निर्देश दे रहे हैं, ताकि अधिक नाम हटाए जा सकें। क्या मुझे निर्वाचन आयोग को उच्चतम न्यायालय के उस निर्देश की याद दिलानी चाहिए कि सूक्ष्म-पर्यवेक्षकों की भूमिका सिर्फ सहायक की ही रहनी चाहिए? तृणमूल नेता ने यह भी आरोप लगाया कि चुनिंदा जिलों से जुड़े एसआरओ के लॉगिन विवरण को कोलकाता से एक ही जगह से नियंत्रित किया जा रहा है और उनका दुरुपयोग हो रहा है। तृणमूल सांसद ने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को उच्चतम न्यायालय के समक्ष उठाएगी, जहां एसआईआर के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की एक याचिका समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई की जा रही है।

## वाम शासनकाल में हुई नियुक्ति रद्द

### हाई कोर्ट ने तत्कालीन शिक्षामंत्री के खिलाफ जांच का संकेत दिया

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वाम शासनकाल के दौरान हुई एक संविदा नियुक्ति को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति राय चट्टोपाध्याय ने तिथि अधिकारी की पुनर्नियुक्ति याचिका खारिज करते हुए तत्कालीन शिक्षामंत्री के खिलाफ जांच शुरू करने का संकेत भी दिया।

मामले के अनुसार, तिथि अधिकारी को अक्टूबर 2010 में शिक्षा विभाग में संविदा के आधार पर नियुक्ति मिली थी। आरोप है कि उस समय के शिक्षामंत्री के संरक्षण में यह नियुक्ति हुई थी। उन्होंने वर्ष 2012 तक कार्य किया और उसी अवधि तक वेतन प्राप्त किया।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राय चट्टोपाध्याय ने पुनर्बहाली की मांग को अस्वीकार करते हुए टिप्पणी की कि सरकारी कोष का इस प्रकार अनैतिक वितरण स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकार चाहे तो इस पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर सच्चाई सामने ला सकती है।

अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2010, 2011 और 2012 के दौरान शिक्षा विभाग के सचिवालय में अनियमित और अनैतिक नियुक्तियों के आरोप सामने आए थे। उस समय राज्य में वाम मोर्चा सरकार थी और मुख्यमंत्री पद पर बुद्धदेव भट्टाचार्य आसीन थे।

हाई कोर्ट ने अपने अवलोकन में कहा कि विभागीय रिपोर्टों की अनदेखी कर नियुक्तियां की गईं, जो गंभीर प्रशासनिक अनियमितता की ओर संकेत करती हैं। अदालत के इस फैसले के बाद पुराने नियुक्ति मामलों की जांच की संभावना बढ़ गई है।

## 'युवा साथी' परियोजना : चार दिनों में 29 लाख से अधिक आवेदन पड़े जमा



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वकांक्षी परियोजना 'युवा साथी' परियोजना के तहत बेरोजगारी भत्ते के लिए राज्य भर में पंजीकरण रविवार से शुरू हो गया है। बीते चार दिनों के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पूरे राज्य में इस परियोजना के लिए कुल 29,00,858 आवेदन जमा किए गए हैं। अकेले बुधवार को ही 8,00,494 नए आवेदन पंजीकृत किए गए। जिलेवार आंकड़ों के अनुसार, आवेदन की संख्या के मामले में मुर्शिदाबाद सूची में सबसे ऊपर है। इस जिले में कुल 3,23,224 आवेदन जमा किए गए हैं। दक्षिण 24 परगना दूसरे नंबर पर है, जहां कुल 2,86,822 आवेदन मिले हैं। उत्तर 24 परगना तीसरे नंबर पर है, जहां कुल आवेदनों की संख्या 1,93,295 है। इसके अलावा, अन्य जिलों बांकुड़ा में 1,72,746, पुरुलिया में 1,72,180, हुगली में 1,50,565, नदिया में 1,49,783, पूर्व मेदिनीपुर में 1,41,075, पूर्व बर्दवान में 1,38,118, पश्चिम मेदिनीपुर में 1,35,055, हावड़ा में 1,31,527, कूचबिहार में 1,02,764, जलपाईगुड़ी में 99,242, उत्तर दिनाजपुर में 88,726, दक्षिण दिनाजपुर में 64,975, दार्जिलिंग में कुल 46,805 आवेदन मिले। सबसे कम आवेदन कलिम्पोंग से आए, जहां कुल संख्या 8,391 है। दूसरी ओर, कोलकाता में आवेदकों की कुल संख्या 70,778 है।

## रिक्त पद की जांच बिना तबादला आदेश पर हाई कोर्ट सख्त, एसएससी की भूमिका पर जताई नाराजगी

**कोलकाता :** रिक्त पद की उपलब्धता की पुष्टि किए बिना तबादले का आदेश जारी करने पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा किसी कर्मचारी को नहीं भुगतना पड़ेगा।

मामला बीरभूम निवासी पार्थसारथी दलुई से जुड़ा है। उन्हें वर्ष 2013 में ग्रुप-डी पद पर नियुक्ति मिली थी। उनका कार्यस्थल घर से लगभग 100 किलोमीटर दूर था। वर्ष 2020 में शारीरिक अस्वस्थता और पत्नी की गंभीर किडनी बीमारी के कारण उन्होंने घर के निकट किसी विद्यालय में तबादले का अनुरोध किया। आवश्यक दस्तावेज शिक्षा विभाग में जमा किए गए और बाद में एसएससी ने उन्हें समीपवर्ती एक स्कूल में योगदान देने का निर्देश जारी कर दिया।

हालांकि, जब वह नए स्कूल में पहुंचे तो वहां के अधिकारियों ने बताया कि संस्थान में कोई रिक्त पद ही नहीं है। इस पर सवाल उठा कि बिना रिक्ति के तबादला आदेश कैसे जारी किया गया।

इस विसंगति को लेकर पार्थसारथी ने जिला विद्यालय निरीक्षक और एसएससी अध्यक्ष के कार्यालय में कई बार गुहार लगाई, लेकिन उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिला। अंततः उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता आशीष कुमार चौधरी ने दलील दी कि मानवीय आधार पर नियमों के तहत तबादले का आवेदन किया गया था, किंतु वास्तविक स्थिति की जांच किए बिना आदेश जारी कर दिया गया। इससे कर्मचारी को अनिश्चितता की स्थिति में डाल दिया गया।

न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि रिक्त पद जैसी मूलभूत जानकारी की पुष्टि किए बिना तबादला आदेश जारी करना प्रशासनिक अव्यवस्था का उदाहरण है। अदालत ने कहा कि तबादले से पहले सभी आवश्यक तथ्यों की जांच संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है।

अंत में अदालत ने निर्देश दिया कि पार्थसारथी दलुई को शीघ्र ही ऐसे विद्यालय में पदस्थापित किया जाए जहां वास्तविक रिक्ति उपलब्ध हो। साथ ही आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## राजनीतिक परिवर्तन की नींव बूथ स्तर पर ही रखी जाती है : दिलीप घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** दिलीप घोष ने बुधवार को दक्षिण 24 परगना जिले के राजाजेश्वरपुर गांव से संगठनात्मक सक्रियता का स्पष्ट राजनीतिक संदेश दिया। बूथ सशक्तिकरण एवं जन संपर्क अभियान में सीधे भाग लेते हुए उन्होंने घर-घर संपर्क कर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। इसे आगामी चुनावी रणनीति के तहत भाजपा की जमीनी पकड़ मजबूत करने की कवायद मानी जा रही है। राजाजेश्वरपुर में उन्होंने स्पष्ट किया कि राजनीतिक परिवर्तन की नींव बूथ स्तर पर ही रखी जाती है और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में संगठन का विस्तार करना होगा। अभियान के दौरान घोष ने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को राज्य के विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा का उद्देश्य है।

### नदिया में इंटरसिटी एक्सप्रेस में लगी आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नवद्वीप धाम स्टेशन पर खड़ी कटिहार-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार की दोपहर आग लगने से अफरातफरी मच गई। अधिकारियों के अनुसार, हालांकि, आग से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। रेलवे और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जब ट्रेन नवद्वीप धाम स्टेशन पर खड़ी थी, तभी एक डिब्बे के नीचे से धुआं निकलता दिखाई दिया। कुछ ही क्षणों में, आग की लपटों ने डिब्बे को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे बचाव टीम और दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुट गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## कोलकाता एसटीएफ ने बिहार में अवैध हथियार फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बिहार पुलिस के सहयोग से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई मंगलवार की शाम खुफिया सूचना के आधार पर की गई। मिली जानकारी के अनुसार, कोलकाता पुलिस एसटीएफ द्वारा विकसित खुफिया सूचना के आधार पर एसटीएफ कोलकाता, बिहार एसटीएफ और मधुसूदनपुर थाना, भागलपुर की संयुक्त टीम ने बिहार के भागलपुर जिले के रहमतबाग, कबरिपुर स्थित एक मकान पर छापा मारा। मकान के भूतल पर स्पिनिंग मिल की आड़ में पहली मंजिल पर अवैध तरीके से देशी आग्नेयास्त्र बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। छापेमारी के दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक सह-मालिक और चार कुशल हथियार निर्माता शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मोनाजिर (21), शादाब अली उर्फ सद्दाम (32), असलम उर्फ टिंकू (41), समशेर आलम उर्फ छोटू (36) तथा शाहनवाज (25) है। छापे के दौरान मौके से 20 अर्धनिर्मित 7.65 मिमी के देशी पिस्तौल, आठ पिस्तौल बैरल, एक लेथ मशीन, दो मिलिंग मशीन, एक ड्रिल मशीन, एक ग्राइंडिंग पॉलिशिंग मशीन, एक हैंड ग्राइंडर सहित भारी मात्रा में उपकरण और कच्चा माल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह स्पिनिंग मिल की आड़ में अवैध हथियार निर्माण कर रहा था और तैयार हथियारों की आपूर्ति विभिन्न इलाकों में किए जाने की आशंका है। मामले में आगे की जांच जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## राज्यसभा चुनाव : बंगाल की पांच सीटों के लिए मंथन तेज, एक सीट पर भाजपा की जीत पक्की

- ❑ तृणमूल कांग्रेस चार राज्यसभा सीटें जीतने को तैयार
- ❑ माकपा विधानसभा में प्रतिनिधित्व न होने से सीट खोएगी
- ❑ 26 फरवरी को जारी होगी चुनाव की अधिसूचना, 16 मार्च को होगी वोटिंग



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस विधानसभा में अपने संख्या बल के आधार पर द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव में राज्य की पांच में से चार सीट पर जीत हासिल कर सकती है, जबकि विपक्षी भाजपा को एक सीट मिलने की संभावना है। राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों के तहत 10 राज्यों में कुल 37 सीट के लिए 16 मार्च को मतदान होगा और मतगणना भी उसी दिन होगी। इन चुनावों के तहत पश्चिम बंगाल में भी राज्यसभा की पांच सीट पर मतदान होगा। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा में मौजूदा समीकरण को देखते हुए, परिणाम काफी हद तक पूर्वनिर्धारित प्रतीत होता है, बशर्ते कि कोई पार्टी अतिरिक्त उम्मीदवार खड़ा न कर दे। तृणमूल कांग्रेस के 218 विधायक हैं और बिना इस्तीफा दिये दलबदल करने वाले कई विपक्षी विधायकों के समर्थन से तृणमूल कांग्रेस यदि प्रति उम्मीदवार आवश्यक मत प्राप्त कर लेती है तो वह संसद के उच्च सदन में चार सदस्य भेजने की स्थिति में आ जाएगी। वर्तमान में, भाजपा के 65 विधायक हैं। हालांकि, पार्टी ने 2021 के विधानसभा चुनावों में 77 सीट पर जीत हासिल की थी लेकिन इस्तीफे, दलबदल, मृत्यु और उप-चुनावों में मिली हार के कारण यह संख्या घटकर अब 65 रह गई है। हालांकि, वह राज्यसभा की एक सीट जीतने के प्रति आश्वस्त नजर आ रही है। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस सांसदों सुब्रत बख्शी, ऋतब्रत बनर्जी और साकेत गोखले तथा माकपा नेता बिकास रंजन भट्टाचार्य के कार्यकाल की समाप्ति के अलावा मौसम बेनजीर नूर के इस्तीफे और बाद में कांग्रेस में शामिल होने के कारण कुल पांच सीट रिक्त हुई हैं। भट्टाचार्य का कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हुई सीट फिर से हासिल करने के लिए वाम मोर्चा के पास पर्याप्त संख्या नहीं है, इसलिए यह सीट भाजपा के खाते में जाने की पूरी संभावना है। इधर, उम्मीदवारों के चयन पर सबकी नजर है। तृणमूल ने अपने उम्मीदवारों के बारे में चुप्पी साध रखी है, जिससे अनुभवी नेताओं और नये चेहरों के संभावित संयोजन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। पार्टी के कुछ मौजूदा सदस्यों, जिनमें तृणमूल अध्यक्ष ममता बनर्जी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में से एक बख्शी भी शामिल हैं, के दोबारा चुने जाने की संभावना है। भाजपा खेमे में जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और अभिनेता-नेता मिथुन चक्रवर्ती शामिल हैं, हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## कांस्टेबल भर्ती में पीएमटी दोबारा कराने की मांग खारिज, हाई कोर्ट से राज्य को राहत

**कोलकाता :** राज्य पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया में शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) दोबारा कराने की मांग को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने बुधवार को स्पष्ट कहा कि यदि कुछ अभ्यर्थियों को पुनः अपील या दोबारा परीक्षण का अवसर दिया जाता है, तो पूरी भर्ती प्रक्रिया जटिल हो सकती है।

मामले के अनुसार, वर्ष 2024 में पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दौरान कई अभ्यर्थियों को फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) में असफल घोषित किया गया था। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि परीक्षा के दिन अव्यवस्था थी और उनकी आपत्तियों को नहीं सुना गया।

अदालत को बताया गया कि लगभग 43 हजार अभ्यर्थी शारीरिक ऊंचाई सत्यापन चरण में बाहर हो गए थे। राज्य की ओर से अधिवक्ता बिमल कुमार शाह ने दलील दी कि सभी अभ्यर्थियों की ऊंचाई एक समान मानक और विशेष पद्धति, यानी ऑटोमैटिक स्टेडियोमीटर से मापी गई थी। ऐसे में कुछ लोगों को अलग से राहत देना उचित नहीं होगा।

इससे पहले 10 फरवरी को हाई कोर्ट ने कुछ अभ्यर्थियों को प्राधिकरण के समक्ष पुनः आवेदन करने की अनुमति दी थी। हालांकि, अंतिम सुनवाई में अदालत ने दोबारा पीएमटी कराने की मांग को अस्वीकार कर दिया।

अदालत के इस फैसले से राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है और कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है।

### आई-पैक छापा : ममता के खिलाफ 'हस्तक्षेप' संबंधी ईडी की याचिका पर सुनावाई 18 मार्च को

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदशालय (ईडी) की उस याचिका पर सुनवाई 18 मार्च तक स्थगित कर दी जिसमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं, ने आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक के परिसर में कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में ईडी के छापे के दौरान बाधा डाली। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने उस वक्त मामले की सुनवाई स्थगित की जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि दिन के दौरान जवाब दाखिल किया जाएगा।


**Name Change**

I, Harsh Badalia (old name) son of Sashi Badalia, residing at 66/3, Beadon Street, Kolkata, Pin- 700006, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Harsh Vardhan Badalia (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 17/02/2026. Harsh Vardhan Badalia (new name) and Harsh Badalia (old name) both are same and one identical person.

**Name Change**

I, Nav Ratan Kiradoo, son of Late Giriraj Ratan Kiradoo, residing at 51/1/A/14, Rabindra Sarani, Ashray Apartment, 3rd Floor, Flat No.307, Liluah, Howrah-711204, do hereby solemnly affirm and declare that my actual name is Nav Ratan Kiradoo and Nav Ratan Kiradoo and Navratan Kiradoo is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld Executive Magistrate 1st Class at Howrah dated 2nd February 2026.

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 76 ईटी/2025-26 दिनांक: 13.02.2026

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06251113 | सप्लाई एन्ड अप्लीकेशन फॉर टू कम्पोनेंट पीयू बेसड साउंड इनसुलेटिंग पेंट | 92256 किग्रा | 10.03.2026 |
| 02 | 07261090 | कापर कोटेड सीओ2 वेल्डिंग फीलिंग सोलिड वायर साइज 1.2 एम एम | 65345 किग्रा | 10.03.2026 |

शुद्धिपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 74 ईटी/2025-26 दिनांक : 05.02.2026 | टेंडर नं. 15255292 | निविदा खुलने की तिथि 16.02.2026 के स्थान पर तिथि 03.03.2026 पढ़ें। |
| 02 | 69 ईटी/2025-26 दिनांक : 09.01.2026 | टेंडर नं. 05251113ए | निविदा खुलने की तिथि 20.02.2026 के स्थान पर तिथि 13.03.2026 पढ़ें। |
| 03 | 74 ईटी/2025-26 दिनांक : 05.02.2026 | टेंडर नं. 15255293 | निविदा खुलने की तिथि 16.02.2026 के स्थान पर तिथि 26.02.2026 पढ़ें। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

शुद्धि पत्र संख्या-1, दिनांक-13/02/2026

| | | |
|---|---|---|
| शुद्धि पत्र | टेंडर नं. RE-CAMC-MIG-25-26-169 | निविदा खुलने की तिथि 13/02/2026 के स्थान पर 20/02/2026 पढ़ा जाये |

Website: www.ireps.gov.in — कार्य प्रबंधक/एम० एण्ड पी०

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**E-TENDER NOTICE**
**UTTAR JHAPORDAH G.P.**
Domjur, Howrah
**E-TENDER NOTICE**

E-Tenders are invited online https://wbtenders.gov.in by the Pradhan, Uttar Jhapordah G. P. for the following NIET(s) :-
- WB/HOW/DOM/UJGP/25-26/45 to 49 Date: 18/02/2026
- Re Tender: WB/HOW/DOM/UJGP/25-26/13 Date: 28/01/2026

Bid Submission date (online): from 19/02/2026 at 6PM to 28/02/2026 at 12 noon
Details Information is available at this Office within the working days.
Sd/- Pradhan
Uttar Jhapordah G.P.
Uttar Jhapordah, Domjur, Howrah

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्य के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति "नोआपाड़ा से बारासात तक बिमानबंदर होकर मेट्रो रेलवे के विस्तार के संबंध में, दो अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों (बिराटी और माइकल नगर) के लिए कट एंड कवर विधि (डायाफ्राम वॉल के साथ टॉप डाउन/सपोर्ट व्यवस्था के साथ बॉटम अप मेथड) द्वारा बिराटी यूजी स्टेशन बिल्डिंग और सबवे (प्रवेश-निकास स्ट्रक्चर के साथ) सहित आरसीसी बॉक्स मेट्रो टनल के डिजाइन, क्रय और निर्माण जिसमें शामिल है आर्किटेक्चरल फिनिशिंग, अग्निशमन, पानी आपूर्ति, सैनिटरी स्थापना, ड्रेनेज और बीएलटी कार्य, ई एंड एम सेवा, ईसीएस सेवा, टीवीएस सेवाएं, कंपोजिट एल्यूमीनियम थर्ड रेल सहित 750 वी डीसी ट्रैक्शन सिस्टम के साथ बिजली आपूर्ति प्रणाली, सीएच से: 6.250 किमी से सीएच तक: 9.840 किमी तक सभी सहायक कार्यों सहित-निविदा संख्या ईपीसी-2489-2024"। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.26,81,63,244, **बयाना राशि:** रु. 14,90,800, **समापन अवधि:** 1820 दिन। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.03.2026 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी संयोजनी/संशोधनी को केवल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना सं. : सिविल-2548-2026 (खुली)

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

निविदा सं.: एसडीएसटीई-वॉकी-वीएचएफ-एचडब्ल्यूएच-25, दिनांक: 17.02.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-वॉकी-वीएचएफ-एचडब्ल्यूएच-25 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत 5 वॉट वॉकी टॉकी एवं 25 वॉट वीएचएफ सिस्टम का विस्तार। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 48,51,991.58, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 97,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 6 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 17.02.2026 को 13.29 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 27.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
HWH-628/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10डी-25, दिनांक 16.02.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10डी-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 2X25 केवी सिस्टम के लिए टीटीसी मास्ट में डबल पोल आइसोलेटरों के प्रावधान के लिए अतिरिक्त मदों की अनुमानित अनुसूची। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,02,65,560.50, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,01,300/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 10.03.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-629/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

**सं. : सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025** — **दिनांक 17.02.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पिन-711101 द्वारा 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग** मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं. पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-एफईबी-5, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 05.03.2026 को 14.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. और स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं: (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एचपीएल-टीडब्ल्यू-172-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और हरिपाल-VII (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-टीडब्ल्यू-282-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और बारुईपाड़ा (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एचपीएल-टीडब्ल्यू-171-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर) और हरिपाल-V (4) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आरएसएलआर-आरडब्ल्यू-207-26-1 (पार्किंग-थ्री व्हीलर) और रसूलपुर (5) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमएक्स-24-24-1 (पार्किंग-मिक्स्ड) और रामपुरहाट।
HWH-630/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत विकासोन्मुखी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

बांसबेड़िया में बो स्ट्रिंग गर्डर के प्रावधान द्वारा प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के लिए, हावड़ा मंडल के तहत बांसबेड़िया तथा त्रिवेणी के बीच **दिनांक 19.02.2026 (गुरुवार) से 03.05.2026 (रविवार) तक 24 दिनों के लिए बीच-बीच में 03 घंटे के लिए पावर एवं ट्रैफिक आवश्यक होगा।** इस ब्लॉक के लिए ब्लॉक एवं ट्रेनों की नियंत्रण का विवरण निम्नानुसार होंगे:-

**दिनांक 19/02, 20/02, 25/02, 26/02, 27/02, 28/02, 01/03, 02/03, 03/03, 04/03, 24/04, 25/04, 26/04, 27/04 एवं 28.04.2026 को**

**ब्लॉक लाइन: डाउन लाइन, ब्लॉक का समय: अपराह्न 01.45 बजे से अपराह्न 04.45 बजे तक**

- **पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण: 37748 कटवा-बैण्डेल लोकल** कटवा से अपराह्न 1.00 बजे के स्थान पर **अपराह्न 1.50 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी।
- **नियंत्रण: 37924 कटवा-हावड़ा गैपलिंग लोकल** मार्ग में 15 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

**दिनांक 21/02, 23/02, 24/02 एवं 27.03.2026**

**ब्लॉक लाइन: अप एवं डाउन लाइन, ब्लॉक का समय: पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 02.30 बजे तक**

- **निरस्तीकरण:** (1) **37922 कटवा-हावड़ा लोकल**, (2) **37746 कटवा-बैण्डेल लोकल**, (3) **37749 बैण्डेल-कटवा लोकल**, (4) **37917 हावड़ा-कटवा लोकल।**

**दिनांक 29/04, 30/04, 01/05, 02/05 एवं 03.05.2026**

**ब्लॉक लाइन: अप लाइन, ब्लॉक का समय: अपराह्न 01.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक**

- **नियंत्रण: 37741 बैण्डेल-कटवा लोकल** बैण्डेल से अपराह्न 03.05 बजे के स्थान पर **अपराह्न 04.05 बजे** पुनर्निर्धारित की जाएगी।

यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा **वर्ष 2026 के मार्च माह के लिए पूर्व रेलवे का ई-नीलामी कार्यक्रम** आमंत्रित किया जाता है।

सं.: एस.4/एस/डीएपी/2025-26 — दिनांक 17.02.2026

| क्र.सं. | डिपो/मंडल | कार्यक्षेत्र | तिथि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो, लिलुआ वर्कशॉप, हावड़ा और आसनसोल मंडल | 10.03.2026 | 16.03.2026 | 20.03.2026 | 26.03.2026 |
| 2 | हालिशहर डिपो | हालिशहर डिपो, काँचरापाड़ा वर्कशॉप और सियालदह मंडल | 05.03.2026 | 18.03.2026 | 25.03.2026 | 30.03.2026 |
| 3 | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो, जमालपुर वर्कशॉप और मालदा टाउन मंडल | 06.03.2026 | 13.03.2026 | 19.03.2026 | 25.03.2026 |
| 4 | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 11.03.2026 | 16.03.2026 | 20.03.2026 | 26.03.2026 |
| 5 | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 06.03.2026 | 12.03.2026 | 18.03.2026 | 25.03.2026 |
| 6 | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 13.03.2026 | 19.03.2026 | 24.03.2026 | 27.03.2026 |
| 7 | मालदा टाउन मंडल | मालदा टाउन मंडल | 10.03.2026 | 17.03.2026 | 23.03.2026 | 30.03.2026 |

STORES-70/2025-26 — मुख्य सामग्री प्रबंधक/सेल्स
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## विधानसभा चुनाव से पहले 'धमकी की राजनीति' का आरोप,

# नानूर में भाजपा नेता के घर के बाहर सफेद कफन और माला मिलने से सनसनी

**बीरभूम :** विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। इसी बीच बीरभूम जिले के नानूर क्षेत्र में एक भाजपा नेता के घर के बाहर सफेद कफन, फूलों की माला, धूपबत्ती और मिठाई रखे जाने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। भाजपा ने इसे जान से मारने की धमकी बताते हुए सत्तारूढ़ दल पर आरोप लगाया है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।



जानकारी के अनुसार, नानूर थाना क्षेत्र के थुपसारा इलाके के कुड़ग्राम निवासी रामकृष्ण मंडल, जो नानूर-3 मंडल के भाजपा अध्यक्ष हैं, मंगलवार रात रोज की तरह भोजन कर सो गए थे। बुधवार सुबह दरवाजा खोलते ही उन्होंने देखा कि घर के बाहर सफेद कफन, फूलों की माला, मिठाई और धूपबत्ती रखी हुई है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

भाजपा नेता रामकृष्ण मंडल ने आरोप लगाया कि आगामी चुनाव को देखते हुए उन्हें और अन्य भाजपा नेताओं को डराने की साजिश की जा रही है। उनका कहना है कि तृणमूल कांग्रेस को अपनी हार का अंदेशा है, इसलिए भय का माहौल बनाकर विरोधियों को चुप कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना से उनका परिवार भयभीत है, लेकिन वे डरने वाले नहीं हैं।

वहीं भारतीय जनता पार्टी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि पार्टी का इस घटना से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने इसे आंतरिक गुटबाजी का परिणाम बताया है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। चुनाव से पहले इस प्रकार की घटना ने क्षेत्र की राजनीतिक सरगर्मियां और तेज कर दी हैं।

# दिनहाटा में फर्जी दस्तावेजों के साथ एक बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**कूचबिहार :** जिले के दिनहाटा क्षेत्र से पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए शख्स पर जाली पहचान पत्रों का इस्तेमाल करते हुए कई वर्षों तक भारत में रहने का आरोप है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम उमर फारूक ब्यापारी है, जो कथित तौर पर कई वर्षों से दिन्हाटा-दो ब्लॉक के चौधरीहाट ग्राम पंचायत क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए भारत में रह रहा था और सरकारी प्रपत्रों में व्यक्तिगत जानकारी गलत देकर उसने अपनी पहचान स्थापित करने में कामयाबी हासिल की थी। यह मामला तब सामने आया जब आरोपी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास के तहत जनगणना प्रपत्र भरकर अधिकारियों को सौंप दिया। इसके बाद, स्थानीय ग्राम पंचायत ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई और पिछले वर्ष 4 दिसंबर को स्थानीय थाने में भी औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस सूत्रों ने आगे बताया कि आरोपी पहले अंसार वाहिनी से जुड़ा हुआ था, जो



बांग्लादेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार अर्धसैनिक सहायक बल है। शिकायत के बाद, पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और कई महीनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। आखिरकार, उसे मंगलवार की रात दिनहाटा थाना अंतर्गत पुतिमारी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उमर कथित तौर पर लगभग 10 से 12 साल पहले अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था और तब से चौधरीहाट इलाके में रह रहा था। बुधवार को अदालत में पेश किए जाने पर आरोपी ने आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि वह भारतीय नागरिक है और उसे झूठा फंसाया गया है।

### नियो-क्लासिक सेगमेंट में बदलाव लाने वाली जावा 42 अब आइवरी रंग में लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने अपनी लोकप्रिय नियो-क्लासिक बाइक जावा 42 को नए पेस्टल आइवरी रंग में पेश किया है। कंपनी के अनुसार, यह नया शेड वैश्विक स्तर पर शांत और सुकून देने वाले रंगों की बढ़ती मांग को दर्शाता है। बाइक में '42' की रेट्रो लिवरी, चेकर्ड-फ्लैग ग्राफिक्स और विंटेज-प्रेरित डेकल्स दिए गए हैं, जो क्लासिक रेसिंग विरासत और आधुनिक डिजाइन का मेल प्रस्तुत करते हैं। जावा 42 आइवरी में 294 सीसी लिक्विड-कूल्ड इंजन है, जो 27.32 पीएस की पावर और 26.84 एनएम का टॉर्क देता है। इसे 6-स्पीड गियरबॉक्स और असिस्ट एंड स्लिपर क्लच से जोड़ा गया है। नई दिल्ली में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1,84,950 रुपये रखी गई है। कंपनी 4 साल/50,000 किमी की वारंटी सहित देशभर में 450 से अधिक टचपॉइंट्स के जरिए व्यापक ओनरशिप सपोर्ट भी प्रदान कर रही है।

## एकादश-द्वादश शिक्षक भर्ती के लिए काउंसलिंग शुरू

### 20 फरवरी से डाउनलोड करें इंटिमेशन लेटर

**कोलकाता :** एकादश और द्वादश कक्षा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत काउंसलिंग कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने बताया कि 24 फरवरी से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, प्रथम सत्र की काउंसलिंग सुबह 10:30 बजे से और द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। अभ्यर्थी 20 फरवरी से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना इंटिमेशन लेटर डाउनलोड कर सकेंगे। उसी दिन रिक्त पदों की विस्तृत सूची भी जारी की जाएगी।

एसएससी ने जानकारी दी है कि पहले चरण में जिन विषयों की काउंसलिंग होगी, उनमें एंथ्रोपोलॉजी, होम साइंस, म्यूजिक, संताली, एग्रोनॉमी, अकाउंटेंसी (बांग्ला, हिंदी, उर्दू) तथा फिजिकल एजुकेशन शामिल हैं। एक ही दिन और समय पर अधिकतम तीन विषयों की काउंसलिंग निर्धारित की गई है।

हालांकि अभी तक श्रेणी-आधारित स्कूलों में रिक्तियों की सूची प्रकाशित नहीं की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय और नियमों का पालन करते हुए ही काउंसलिंग में भाग लेना होगा। आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाणपत्र या अन्य जरूरी कागजात प्रस्तुत न करने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

आयोग ने यह भी संकेत दिया है कि शेष विषयों की काउंसलिंग तिथियां शीघ्र घोषित की जाएंगी।

## बैरकपुर में पूर्व नेवी ऑफिसर के पेट में मीट चॉपर से किया गया वार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में कल्याणी एक्सप्रेसवे के किनारे मोहनपुर चौराहे पर स्थित एक दुकान पर बुधवार को मीट खरीदने आए एक बुजुर्ग को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घायल व्यक्ति का नाम दीपांकर सरकार (60) है। मोहनपुर निवासी दीपांकर पहले आर्मी में थे। हमले का आरोप श्याम पासवान (25) नाम के युवक के खिलाफ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस दिन, सुबह में दीपांकर मोहनपुर चौराहे के पास दुकान पर मीट खरीदने गया था। उसी समय श्याम दुकान पर चला गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, श्याम ने दुकानदार का मीट वाला चाकू उठाया और दीपांकर के पेट में घोंप दिया। दीपांकर तुरंत खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे



बचाया और बैरकपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल, उसका वहां इलाज चल रहा है। मोहनपुर थाने को भी इसकी जानकारी दी गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की मां शांति देवी ने बताया कि उसका बेटा मानसिक रूप से ठीक नहीं है। उसका इलाज चल रहा है। घरवाले बेटे को घर में बंद रखते थे। कभी-कभी उसे बाहर जाने देते थे। इसी तरह उसने बुधवार सुबह भी ऐसी ही घटना को अंजाम दिया, जब वह साइकिल से मीट की दुकान पर गया था।

## चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना में मोहित चंद्रा ने महाप्रबंधक का पदभार संभाला

**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में मोहित चंद्रा ने बुधवार को महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। वे भारतीय रेल सेवा के विद्युत इंजीनियरिंग (1989 बैच) के वरिष्ठ अधिकारी हैं और इंजीनियरिंग तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में व्यापक अनुभव रखते हैं। श्री चंद्रा ने रुड़की विश्वविद्यालय से विद्युत इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। रेल सेवा में शामिल होने के बाद उन्होंने विभिन्न मंडलों, मुख्यालयों और रेलवे बोर्ड में विद्युत लोको शेड, ईएमयू कार शेड तथा विद्युत लोको संचालन एवं अनुरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाए। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग में भी कार्य किया और संघ लोक सेवा आयोग में संयुक्त सचिव के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां



संभालीं। इसके अतिरिक्त वे प्रयागराज मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं। महाप्रबंधक पद संभालने से पूर्व वे उत्तर रेलवे में अतिरिक्त महाप्रबंधक तथा रेलवे बोर्ड में विद्युत इंजीनियरिंग (रोलिंग स्टॉक) के प्रधान कार्यकारी निदेशक रहे। चिरेका परिवार ने उनके नेतृत्व में संगठन के और नई ऊंचाइयों को छूने की आशा जताई है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के साथ खड़गपुर एवं आद्रा मंडल की मंडलीय समिति के सांसदों की समीक्षा बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर एवं आद्रा मंडलों की मंडलीय समिति के माननीय लोकसभा सांसदों ने बुधवार को कोलकाता में महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा के साथ बैठक की। बैठक में कुल 10 सांसद उपस्थित रहे। मंडलीय समिति की अध्यक्षता सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिन्हा ने की। इस बैठक में सांसद सौमेंदु अधिकारी, अभिमन्यु सेठी, अभिजीत गंगोपाध्याय, प्रताप चंद्र सारंगी, प्रसून बनर्जी, चंद्र प्रकाश चौधरी, साजदा अहमद, कालीपद सरन तथा जून मालिया भी उपस्थित थीं। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने सांसदों का स्वागत करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में माल ढुलाई और



यात्री क्षेत्र में दक्षिण पूर्व रेलवे के प्रदर्शन की जानकारी दी तथा यात्री सुविधाओं से संबंधित प्रगति पर प्रकाश डाला। सांसदों ने ट्रेन सेवाओं के विस्तार, नए ठहराव, स्वच्छता, समयपालन, नई रेल लाइनों के निर्माण, सड़क ऊपरी पुल (आरओबी), अंडरपास और स्टेशनों के उन्नयन जैसे मुद्दों पर सुझाव दिए। खड़गपुर एवं आद्रा मंडल में अवसंरचना विकास पर भी विस्तृत चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि सांसदों के सुझावों की प्राथमिकता के साथ समीक्षा की जाएगी। बैठक में खड़गपुर के डीआरएम ललित मोहन पांडेय, आद्रा के डीआरएम मुकेश गुप्ता, अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार सहित दपूरे के प्रधान विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## बांसबेड़िया-त्रिवेणी स्टेशन के बीच आरओबी निर्माण के लिए ट्रेनों का विनियमन, कई ट्रेनें रद्द व पुनर्निर्धारित

**कोलकाता, समाज्ञा**

बांसबेड़िया और त्रिवेणी स्टेशनों के बीच आरओबी के निर्माण कार्य के लिए 19 फरवरी से 3 मई 2026 तक विभिन्न तिथियों में कुल 24 दिनों के लिए प्रतिदिन 180 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस अवधि में ट्रेन परिचालन में अस्थायी बदलावों की घोषणा की गई है। रेलवे के अनुसार 21 फरवरी, 23 फरवरी, 24 फरवरी और 27 मार्च 2026 को कुछ लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी, कटवा से चलने वाली 37922 और 37746, बंडेल से 37749 तथा हावड़ा से 37917 रद्द रहेंगी। वहीं 19, 20, 25, 26, 27 और 28 फरवरी; 1, 2, 3 और 4 मार्च तथा 24 से 28 अप्रैल 2026 तक कुछ ट्रेनों का पुनर्निर्धारण एवं मार्ग में नियंत्रण किया जाएगा। 37748 कटवा-बंडेल लोकल अब 13:00 बजे के बजाय 13:50 बजे रवाना होगी और मार्ग में लगभग 70 मिनट नियंत्रित रहेगी। 37924 कटवा-हावड़ा लोकल को मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 29 और 30 अप्रैल तथा 1, 2 और 3 मई 2026 को 37741 बंडेल-कटवा लोकल 03:05 बजे के स्थान पर 04:05 बजे प्रस्थान करेगी।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चंदननगर स्टेशन का होगा व्यापक कायाकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा**

हुगली नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक शहर चंदननगर, जो कभी फ्रांसीसी भारत का प्रमुख केंद्र रहा है, अब आधुनिक बुनियादी ढांचे के नए युग में प्रवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेलवे द्वारा चंदननगर रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना को पूर्वी रेलवे द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। 9.48 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से संचालित इस परियोजना में स्टेशन भवन का पूर्ण पुनर्निर्माण, आधुनिक सर्कुलेटिंग एरिया का विकास तथा 1,574 वर्गमीटर के विशाल प्लेटफॉर्म शेड का निर्माण शामिल है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 3,500 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म सतह का नवीनीकरण और एक सुदृढ़ फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण भी किया जा रहा है।

स्टेशन को एक आधुनिक सिटी-सेंटर हब के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके अंतर्गत 140 वर्गमीटर का विशाल प्रतीक्षालय, 50 वर्गमीटर के शौचालय ब्लॉक, ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), हाई-स्पीड मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग प्वाइंट तथा इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्टेशन परिसर की दीवारों पर स्थानीय कला, फ्रांसीसी विरासत और बंगाली सांस्कृतिक पहचान को दर्शाने वाले चित्र भी उकेरे जाएंगे।

दिव्यांगजनों के लिए रैंप, लो-हाइट टिकट काउंटर, नॉन-स्लिप फ्लोरिंग और टैक्टाइल पाथवे जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी नेटवर्क, अग्निशमन उपकरण और स्पष्ट आपात निकास मार्ग बनाए जाएंगे। सतत विकास के तहत वर्षा जल संचयन और सौर ऊर्जा प्रणाली भी स्थापित की जाएगी। परियोजना पूर्ण होने पर चंदननगर स्टेशन विरासत और आधुनिकता का संतुलित प्रतीक बनकर उभरेगा।

### मध्यग्राम के महिला गृह से 10 निवासी फरार, 7 बांग्लादेशी महिलाएं भी शामिल; रातभर तलाशी के बाद सभी बरामद

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम थाना क्षेत्र के डोलतला इलाके स्थित एक महिला गृह से सोमवार देर रात 10 निवासी ताला तोड़कर फरार हो गईं। इनमें 7 बांग्लादेशी महिलाएं, 2 नाबालिग और 1 स्थानीय निवासी शामिल बताई जा रही हैं। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार रात करीब 12 बजे उक्त महिला गृह की 10 निवासी मुख्य गेट का ताला तोड़कर बाहर निकल गईं। सुरक्षा कर्मी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही मध्यग्राम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू किया। रातभर चले अभियान के बाद पुलिस ने गंगानगर कटाखाल समेत आसपास के इलाकों से सभी 10 महिलाओं को बरामद कर लिया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह गृह केवल महिला निवासियों के लिए है। विदेशी नागरिकों अथवा बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के माध्यम से यहां महिलाओं को भेजा जाता है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि पिछले कुछ समय से गृह की व्यवस्थाओं को लेकर कुछ निवासी असंतुष्ट थीं। माना जा रहा है कि इसी असंतोष के कारण उन्होंने सामूहिक रूप से भागने की कोशिश की। बारासात जिला पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जोनल) दुर्बार बंद्योपाध्याय ने बताया कि गृह प्रबंधन की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि सुरक्षा में चूक कैसे हुई।

## आसनसोल में आग्नेयास्त्र के साथ एक गिरफ्तार



**आसनसोल :** आसनसोल उत्तर थाना पुलिस ने आग्नेयास्त्र और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गीरमिट 10 नंबर क्षेत्र से राकेश कुमार चौरसिया उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया गया। आसनसोल उत्तर थाना पुलिस राहुल को आसनसोल अदालत में पेश करेगी और उसे पुलिस हिरासत में लेने के लिए अनुरोध की। पुलिस का मानना है कि उसके पास और भी आग्नेयास्त्र हैं, साथ ही वह एक बड़े गिरोह का सदस्य हो सकता है। पुलिस का अनुमान है कि हथियारों की तस्करी में राहुल के साथ और भी कोई शामिल हो सकता है।

### आसनसोल की एनडीपीएस अदालत का बड़ा फैसला:

## 4.4 किलो अफीम मामले में दो तस्करों को 10-10 वर्ष की सजा

**आसनसोल :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की कोलकाता जोनल इकाई को एक बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2021 में 4.4 किलोग्राम अफीम बरामदगी के मामले में आसनसोल की एनडीपीएस अदालत ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

यह फैसला आसनसोल स्थित एनडीपीएस अधिनियम की तृतीय अदालत के माननीय न्यायाधीश द्वारा 18 फरवरी 2026 को सुनाया गया। दोषियों की पहचान आनंद डे और देबाशीष नायक के रूप में हुई है।

एनसीबी को 4 फरवरी 2021 को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपितगण पश्चिम बंगाल के पांडाबेश्वर क्षेत्र में एक मकान पर अफीम की खेप पहुंचाने वाले हैं। सूचना के आधार पर एनसीबी की टीम ने छापेमारी कर दोनों के कब्जे से 4.4 किलोग्राम अफीम बरामद की। मौके से 6,50,000 रुपये की अवैध नकदी भी जब्त की गई। जांच में सामने आया कि अफीम की आपूर्ति बीरभूम से की जा रही थी और इसे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाया जाना था।

आगे की जांच में मकान मालिक समीरन घोष (पिता-रबीलाल घोष, निवासी-बैद्यनाथपुर, थाना पांडाबेश्वर, जिला बर्धमान) की संलिप्तता भी सामने आई। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

वित्तीय जांच के दौरान समीरन घोष के 36,58,000 रुपये की अवैध धनराशि की पहचान कर उसे फ्रीज किया गया, जिसे मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन माना गया है। सक्षम प्राधिकारी ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है।

एनसीबी अधिकारियों के अनुसार, विस्तृत जांच, ठोस साक्ष्य संकलन और न्यायालय में प्रभावी पैरवी के चलते यह सजा सुनिश्चित हो सकी। एजेंसी ने कहा कि इस तरह की सजाएं अपराधियों के लिए कड़ा संदेश हैं और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास मजबूत करती हैं।

एनसीबी ने नागरिकों से अपील की है कि वे मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करें। नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए 'मानस' राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1933 पर सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

### बॉनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**कोलकाता :** मैकेनिकल और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पावर ट्रांसमिशन एवं इंडस्ट्रियल ड्राइव सॉल्यूशंस प्रदाता कंपनी बॉनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है, जिसके तहत प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर बॉनफिग्लियोली एस.पी.ए द्वारा 46.99 मिलियन इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। बॉनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स लिमिटेड, इटली मुख्यालय वाली बॉनफिग्लियोली एस.पी.ए समूह का हिस्सा है। एफएंडएस रिपोर्ट के अनुसार, यह वैश्विक स्तर पर मैकेनिकल और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पावर ट्रांसमिशन तथा इंडस्ट्रियल ड्राइव सॉल्यूशंस उद्योग में सबसे बड़े और तकनीकी रूप से उन्नत खिलाड़ियों में से एक है। कंपनी का राजस्व 31 दिसंबर 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 1,190.9 मिलियन यूरो (105.91 अरब) रहा। कंपनी के प्रमोटर सोनिया बॉनफिग्लियोली, लुसियानो बॉनफिग्लियोली, लुइसा लुसार्दी, बोन-फी एस.आर.एल. और बॉनफिग्लियोली एस.पी.ए हैं।

### शालीमार स्टेशन पर खाली लोकल ट्रेन पटरी से उतरी, बड़ा हादसा टला

**हावड़ा :** शालीमार रेलवे स्टेशन में बुधवार सुबह एक खाली लोकल ट्रेन प्लेटफॉर्म में प्रवेश के दौरान पटरी से उतर गई, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, ट्रेन में कोई यात्री सवार नहीं था, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। एहतियात के तौर पर प्लेटफॉर्म नंबर 3 को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, यह खाली ट्रेन सांतरागाछी रेलवे स्टेशन से शालीमार स्टेशन की ओर आ रही थी। प्लेटफॉर्म नंबर 3 में प्रवेश करते समय ट्रेन का एक कोच पटरी से उतर गया। पटरी से उतरा कोच कुछ दूरी तक घिसटता हुआ आगे बढ़ा, जिससे प्लेटफॉर्म का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ओमप्रकाश चरण ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पटरी से उतरे कोच को हटाने और प्लेटफॉर्म की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, अन्य प्लेटफॉर्मों से ट्रेनों का परिचालन जारी है।

## ट्रेनों और स्टेशनों पर आग दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूर्व रेलवे सतर्क

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों से ट्रेनों और रेलवे परिसरों में अग्नि सुरक्षा नियमों का सख्त से पालन करने की अपील की है। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि भारतीय रेलवे केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि देश की राष्ट्रीय जीवनरेखा और जनता की संपत्ति है, जिसकी सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। रेलवे ने बताया कि सर्द मौसम में प्लेटफॉर्म या ट्रेन के डिब्बों में पोर्टेबल गैस स्टोव, केरोसिन चूल्हा या अन्य ज्वलनशील उपकरणों का उपयोग गंभीर दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। एक छोटी सी चिंगारी चलती ट्रेन के सीमित और बंद वातावरण में भीषण आग में बदल सकती है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति हो सकती है।पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कोच या स्टेशन परिसर में गैस सिलेंडर, रासायनिक हीटर, पेट्रोल, थिनर, पटाखे, सूखी घास या अन्य ज्वलनशील वस्तुएं ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। धूम्रपान करना, जलती तीली या सिगरेट के टुकड़े इधर-उधर फेंकना भी दंडनीय अपराध है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आग के खतरे की सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) या ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को देने का आग्रह किया है।

पूर्व रेलवे ने दोहराया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यात्रियों की जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। रेलवे संपत्ति की रक्षा करना न केवल राष्ट्रीय धरोहर की सुरक्षा है, बल्कि सहयात्रियों के जीवन की भी रक्षा है। जब रेलवे सुरक्षित रहेगा, तभी देश सुरक्षित और गतिशील रहेगा।

**न्यूज अपडेट**

### जनरल मिल्स इंडिया ने नासिक में नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेरिका स्थित फॉर्च्यून 500 कंपनी जनरल मिल्स के तहत जनरल मिल्स इंडिया ने नासिक, महाराष्ट्र में एक नई अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन किया। यह प्लांट कंपनी के पिल्सबरी ब्रांड की बेकरी क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता को और मजबूत करता है और भारत में दीर्घकालिक निवेश प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी ने इस परियोजना में लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नया प्लांट उन्नत उत्पादन तकनीक और वैश्विक गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे खाद्य सुरक्षा, संसाधनों का जिम्मेदार उपयोग और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। इस सुविधा से देशभर में पिल्सबरी उत्पादों की आपूर्ति तेज होगी और हजारों बेकरियों को भरोसेमंद सामग्री उपलब्ध होगी। साथ ही, स्थानीय रोजगार सृजन, कौशल विकास और आपूर्तिकर्ताओं के व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। बल्की राधाकृष्णन, वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, नासिक प्लांट भारत में हमारी सेवा और उपलब्धता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम है।

### भारत1.एआई ने बैंगलुरू में ह्युमेनिटी फर्स्ट एआई सिटी का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत1.एआई ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बैंगलुरू में दुनिया के पहले ह्युमेनिटी फर्स्ट एआई सिटी के निर्माण की घोषणा की। इस पहल के पहले चरण में बी1एआई सुपरपार्क का निर्माण होगा, जो 5 लाख वर्गफीट में फैला एआई रिसर्च और इनोवेशन कैंपस होगा। सुपरपार्क में एआई मॉडल प्रशिक्षण, फाइन ट्यूनिंग और इंटरफेस डेवलपमेंट के लिए स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों और वैश्विक कंपनियों के 10,000 से अधिक शोधकर्ता और इनोवेटर्स काम करेंगे। यह परियोजना सुरक्षित, विश्वसनीय और मानव-केंद्रित युनिवर्सल बेसिक इंटेलिजेंस के विकास पर केंद्रित है। उमाकान्त सोनी, सह-संस्थापक और सीईओ, ने कहा, हम वास्तविक दुनिया के जटिल माहौल में एआई को सुरक्षित और जिम्मेदार तरीके से विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। बी1एआई सुपरपार्क इसके लिए पहला चरण है। यह पहल भारत को ग्लोबल एआई इनोवेशन और रिसर्च का एक अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### सोनी लिव ने जैज सिटी का ट्रेलर किया जारी, 19 मार्च से होगा प्रीमियर

**कोलकाता, समाज्ञा :** डिजिटल प्लेटफॉर्म सोनी लिव ने अपने आगामी शो जैज सिटी का ट्रेलर जारी कर दिया है। यह श्रृंखला 19 मार्च से स्ट्रीम होगी। कहानी 1971 के कोलकाता में सेट की गई है, जब शहर पुरानी खींचतान और राजनीतिक तनाव से घिरा था। श्रृंखला का मुख्य सेट एक जैज क्लब है, जहां संगीत, रहस्य और भावनात्मक टकराव के बीच कहानी आगे बढ़ती है। यह राजनीतिक उथल-पुथल और उभरती पहचान के बीच घटित घटनाओं को उजागर करती है। मुख्य पात्र जिम्मी, जो संघर्षों से बचने की कोशिश करता है, अचानक ऐसी स्थिति में फंस जाता है जहां उसके प्रत्येक निर्णय का महत्वपूर्ण असर पड़ता है। सौमिक सेन द्वारा लिखित, निर्मित और निर्देशित इस श्रृंखला का निर्माण स्टूडियो 9 और स्टूडियोनेक्स्ट ने किया है। इसमें अरिफिन शुवू, सौरसेनी मैत्रा, शांतनु घटक और अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। जैज सिटी का प्रसारण 19 मार्च से केवल सोनी लिव पर होगा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नदिया जिले के मायापुर स्थित इस्कॉन मुख्यालय का दौरा किया और भगवान की पूजा अर्चना कीं।

# कैनिंग में रसायनों से भरे ड्रम के फटने से चार बच्चे झुलसे, एक की हालत गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग में बुधवार को रसायनों से भरे एक ड्रम के फटने से चार बच्चे झुलस गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की शाम चार बच्चे सड़क किनारे खेल रहे थे तभी पास में रखे रसायनों से भरे एक ड्रम में विस्फोट हो गया। इस घटना में चार नाबालिग गंभीर रूप से झुलस गए। दर्द सहन न कर पाने के कारण एक नाबालिग पास के तालाब में कूद गया। इनमें से तीन बच्चों को कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बच्चों के नाम सादिकुल मोल्लाह, समीउल मोल्लाह, रायहान मोल्लाह और रियाज हसन मोल्लाह के रूप में हुई है। ये चारों बच्चे स्थानीय खरागाची प्राथमिक विद्यालय के छात्र हैं। जानकारी के अनुसार, कैनिंग पूर्व विधानसभा क्षेत्र के घातकपुकुर से मध्य खारगाछी तक जाने वाली सात किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क पर मरम्मत का काम चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क मरम्मत का काम कुछ दिन पहले शुरू हुआ था। मंगलवार को सड़क पर लगभग 200 लीटर हल्के डीजल तेल (एलडीओ) से भरा एक ड्रम पड़ा था। आठ से दस वर्ष की आयु के चार छात्र ड्रम के पास खेल रहे थे। अचानक, ढोल जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाके की तीव्रता से एक बच्चा बुरी तरह झुलस गया। बाकी तीन बच्चे भी जल गए। आग की पीड़ा सहन न कर पाने के कारण एक नाबालिग पास के तालाब में कूद गया। दुर्घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें बचाया और नलमुरी ग्रामीण अस्पताल ले गए। तीनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें कोलकाता के एमआर बांगुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सादिकुल की हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलते ही भांगर पुलिस डिवीजन के उपायुक्त सैकत घोष और कैनिंग ईस्ट से तृणमूल विधायक सैकत मोल्ला मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए कोलकाता पुलिस की बम निरोधक टीम और खोजी दल भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।



## दांतन में सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दांतन थाना क्षेत्र के हासिमपुर इलाके में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। मृतकों के नाम सोमनाथ साउ (18) और हरीपद साउ (45) है। दोनों रिश्ते में पिता-पुत्र है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 10 बजे हरीपद अपने बेटे सोमनाथ साउ को बाइक पर लेकर सोनाकोनिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान 16 नंबर राष्ट्रीय सड़क पर हासिमपुर में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिता-पुत्र बाइक से छिटक गए। घटना की सूचना पाकर दांतन थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों के शवों को स्थानीय अस्पताल में भेजा। शवों का पोस्टमार्टम खड़गपुर महकुमा अस्पताल में किया जाएगा। पुलिस ने हादसे में शामिल कार और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए 8 आईपीएस अधिकारी नोडल ऑफिसर नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य पुलिस ने अहम प्रशासनिक कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी करके विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकोष्ठों के लिए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को स्टेट लेवल नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। आदेश में कहा गया है कि ये नियुक्तियां चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत की गयी हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था, निगरानी और समन्वय बेहतर तरीके से सुनिश्चित किया जा सके।

आदेश में कहा गया है कि राज्य के डीजी एवं आईजीपी से सहमति मिलने के बाद ये आदेश जारी किये गये हैं। आदेश के अनुसार, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एवं मैनेजमेंट टीम (डीआईजी, कोस्टल सिक्यूरिटी) आईपीएस सुनील कुमार यादव, ट्रांसपोर्ट (आईजीपी, सीआईएफ) आईपीएस सब्यसाची रमन मिश्रा, फोर्स मैनेजमेंट सिस्टम एवं ऑटो रैंडमाइजेशन प्रक्रिया (डीआईजी, ट्रैफिक) आईपीएस अंजली सिंह, वेलफेयर (डीआईजी, प्लानिंग एंड वेलफेयर) आईपीएस कृष्णाकली लाहिड़ी, कम्युनिकेशन प्लान (डीआईजी, टेलीकम्युनिकेशन) आईपीएस कंकर प्रसाद बारुई, ट्रेनिंग (डीआईजी, हेडक्वार्टर) आईपीएस राशिद मुनीर खान, वी-वीआईपी/वीआईपी सुरक्षा (डीआईजी, सिक्योरिटी) आईपीएस अव्वरु रवींद्रनाथ और पोस्टल बैलेट (डीआईजी, लीगल) आईपीएस विश्वजीत घोष को नियुक्त किया है।

## उच्च शिक्षित मां नहीं, मछली व्यवसायी पिता को सौंपी गई बच्चे की जिम्मेदारी... हाई कोर्ट का अहम फैसला

**कोलकाता :** माता-पिता के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद में बच्चे की अभिरक्षा को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने महत्व-पूर्ण फैसला सुनाया है। निचली अदालत के आदेश को स्थगित करते हुए हाई कोर्ट ने आठ वर्षीय बच्चे की जिम्मेदारी मां के बजाय पिता को सौंप दी है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की खंडपीठ में हुई। निचली अदालत ने पहले बच्चे की अभिरक्षा मां को देते हुए तर्क दिया था कि मां उच्च शिक्षित हैं और पिता मछली व्यवसाय से जुड़े हैं, ऐसे में बच्चे का भविष्य मां के पास अधिक सुरक्षित रहेगा।

हालांकि हाई कोर्ट ने इस तर्क से असहमति जताते हुए कहा कि केवल पेशा या शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अभिरक्षा का निर्णय नहीं लिया जा सकता। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि दोनों अभिभावकों की आयु लगभग तीस वर्ष के आसपास है और उनके बीच अहंकार की लड़ाई चल रही है, जिसके कारण एक-दूसरे के खिलाफ लगातार नए मुकदमे दायर किए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, दंपति वर्ष 2021 से अलग रह रहे हैं। मां की ओर से अधिवक्ता उदयशंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि जब बच्चा तीन वर्ष का था, तब मां अपने मायके चली गई थीं, जिसके बाद पिता बच्चे को अपने साथ ले गए।

इससे पहले निचली अदालत में जब बच्चे से पूछा गया कि वह किसके साथ रहना चाहता है, तो उसने मासूमियत से जवाब दिया था कि वह मां और पिता दोनों के साथ रहना चाहता है। बावजूद इसके, वैवाहिक संबंधों में दरार गहराती गई और मामला अभिरक्षा विवाद तक पहुंच गया।

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि फिलहाल बच्चा पिता के पास रहेगा। साथ ही मां को प्रत्येक शनिवार दोपहर बच्चे को अपने साथ ले जाने और रविवार शाम सात बजे तक वापस पिता के घर छोड़ने की अनुमति दी गई है।

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि दोनों पक्षों को मतभेद सुलझाने के लिए हाई कोर्ट की काउंसलिंग कमेटी के समक्ष भेजा जाए, ताकि बच्चे के हित को सर्वोपरि रखते हुए समाधान निकाला जा सके।

## सुंदरवन में बाघ के हमले में एक और मछुआरे की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**



एक हफ्ते के भीतर दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरवन में बाघ के हमले में एक और मछुआरे की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपद बर्मन (45) के रूप में हुई है। वह दक्षिण 24 परगना जिले के गोसाबा क्षेत्र के छोटा मोल्लाखली कालिदासपुर गांव का निवासी था। पुलिस के अनुसार, रामपद और उसके साथी मंगलवार को जरूरी अनुमति लेकर जंगल में केकड़े पकड़ने गए थे। इसी दौरान घने जंगल में एक बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ मौजूद अन्य मछुआरों ने हिम्मत दिखाते हुए बाघ को भगाया और रामपद को बचाया। इसके बाद, उसे नाव से गांव लाया गया और तुरंत पास के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लेकिन, बाद में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सुंदरवन कोस्टल थाना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बुधवार को उसका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## एसआईआर : 'अंतर-धार्मिक पिता-पुत्र' से लेकर 'पूर्व-पंजीकृत जन्मतिथि' तक के मामले

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दस्तावेजीकरण के दौरान अंतरधार्मिक पिता-पुत्र संबंधों से लेकर पूर्व-पंजीकृत जन्मतिथि तक गंभीर अनियमितताएं आई हैं जिस पर निर्वाचन आयोग ने चिंता जताई है। आयोग के मुताबिक, खामियां सुनवाई और दस्तावेज अपलोड करने के चरण के पूरा होने के बाद ''विशेष विश्लेषण'' के दौरान सामने आई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं द्वारा दी गई असामान्य जानकारियों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों के बीच चिंता पैदा कर दी है। इन आंकड़ों को राज्य के मतदान अधिकारियों द्वारा उन मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान मंजूरी देकर अपलोड किया गया था जिन्हें तार्किक विसंगतियों के आधार पर या प्रपत्र चरण के दौरान स्थिति अस्पष्ट होने के कारण सुनवाई के लिए बुलाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के पांस्कुरा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में, एसआईआर के पर्यवेक्षकों ने कथित तौर पर शेख राजेश अली नामक एक मतदाता का प्रपत्र अपलोड किया है, जिसके पिता का नाम भुवन चंद्र बेरा के रूप में दर्ज है।

संबंधित मतदाता प्रपत्र (ईएफ) की जांच करने पर अधिकारियों ने पाया कि भुवन चंद्र बेरा को एक अन्य मतदाता, बिजय कृष्ण बेरा के पिता के रूप में दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह त्रुटि संबंधित मतदाता सूची अधिकारी की चूक थी और यदि गहन जांच के दौरान इसका पता न चलता तो अंतिम मतदाता सूची में भी यह त्रुटि ही रहती। उन्होंने बताया कि दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहट में, एक मतदाता ने राज्य स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा जारी अपना जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया, जो उनकी जन्म तिथि 30 अक्टूबर, 1990 प्रमाणित करता है। चौंकाने वाली बात यह है कि मतदाता के जन्म पंजीकरण की तारीख 23 अगस्त, 1990 बताई गई है, जो प्रमाण पत्र में उल्लिखित वास्तविक जन्म तिथि से 68 दिन पहले की है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि हमारे लिए यह पता लगाना मुश्किल होगा कि प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी की ओर से कोई लिपिकीय त्रुटि थी या मतदाता ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से इसे दाखिल किया था। फिर भी, संबंधित मतदान अधिकारी को इस दस्तावेज़ को स्वीकार ही नहीं करना चाहिए था, अपलोड करना तो दूर की बात है। निर्वाचन आयोग ने पिछले हफ्ते कोलकाता के मटियाब्रुज क्षेत्र में एक मतदाता के आंकड़ों में भारी अनियमितताओं को उजागर किया, जहां मतदाताओं द्वारा प्रदान किए गए दस्तावेज के मुताबिक एक दंपति के तीसरे और चौथे बच्चे की उम्र का अंतर एक महीने से भी कम था। इसी तरह एक ही परिवार के 10 सदस्यों द्वारा साझा किए गए दस्तावेजों में एसके अब्दुल हई (अलग-अलग रूपों में अब्दुल हई, अब्दुल हई शेख और अब्दुस हई के वैकल्पिक रूप में) को पिता और मनोवारा बीबी को 10 बच्चों की माता के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसके मुताबिक तीसरे बच्चे, शेख इरशाद की जन्मतिथि पांच दिसंबर, 1990 बताई गई है, जबकि चौथे बच्चे, शेख नौसेद की जन्मतिथि 1 जनवरी, 1991 बताई गई है।

अधिकारी ने अन्य विसंगति की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के बारानगर क्षेत्र के एक मतदाता द्वारा सुनवाई के दौरान प्रस्तुत जन्म प्रमाणपत्र का मुद्दा उठाया गया जिसमें उनकी जन्म तिथि 6 मार्च, 1993 बताई गई थी, जबकि यह प्रमाण पत्र उससे दो दिन पहले, 4 मार्च, 1993 को जारी किया गया था। पिछले साल दिसंबर में, आयोग ने शुरू में 2,200 से अधिक मतदान केंद्र क्षेत्रों को गहन जांच के दायरे में रखा था, क्योंकि इन बूथ से प्राप्त गणना प्रपत्रों में कोई मृत, दोहराव वाले या अज्ञात मतदाता नहीं पाए गए थे, जो एक सांख्यिकीय विसंगति थी।

## घरेलू हिंसा समेत मामलों को दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद शमी से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी से उनकी अलग रह रही पत्नी द्वारा दायर याचिकाओं पर बुधवार को जवाब तलब किया, जिनमें घरेलू हिंसा के एक मामले को पश्चिम बंगाल से दिल्ली स्थानांतरित करने का अनुरोध भी शामिल है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने शमी की पत्नी द्वारा दायर दो अलग-अलग स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। शीर्ष अदालत ने शमी समेत प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर याचिकाओं पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी। इसी के साथ मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी। बता दें कि शमी की पत्नी ने अधिवक्ता



दीपक प्रकाश के माध्यम से स्थानांतरण याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में दाखिल की हैं। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सात नवंबर को शमी को उनकी अलग रह रही पत्नी द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर नोटिस जारी किया था। इस याचिका में पत्नी ने अपने और अपनी नाबालिग बेटी के लिए स्वीकृत अंतरिम भरण-पोषण राशि बढ़ाने का अनुरोध किया था। उक्त याचिका में उनकी पत्नी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा पिछले वर्ष एक जुलाई और 25 अगस्त को पारित किए गए दो आदेशों को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने शमी द्वारा अलग रह रही पत्नी को देय अंतरिम भरण-पोषण की राशि को बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये प्रति माह और उनकी बेटी के लिए 2.5 लाख रुपये प्रति माह कर दिया था, साथ ही क्रिकेटर को बकाया राशि को आठ मासिक किस्तों में चुकाने की अनुमति दी थी। शमी की पत्नी ने 2018 में घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए कोलकाता के जादवपुर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने बाद में क्रिकेटर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया।

### अमेजन पर वेलेंटाइन डे शॉपिंग में प्रीमियम गिफ्ट्स और अल्ट्रा-फास्ट डिलिवरी का जोरदार उछाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने इस वर्ष वेलेंटाइन डे के अवसर पर प्रीमियम और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। क्यूरेटेड सेलेक्शन, एआई-पावर्ड डिस्कवरी और अल्ट्रा-फास्ट डिलिवरी विकल्पों ने ग्राहकों के शॉपिंग अनुभव को और अधिक सुविधाजनक तथा यादगार बना दिया। चॉकलेट्स और ताजे फूल टॉप गिफ्टिंग चॉइस के रूप में उभरे, जिनमें 1.4 गुना सालाना वृद्धि देखी गई। वहीं, लक्जरी चॉकलेट्स और क्यूरेटेड हैम्पर्स जैसे प्रीमियम सेगमेंट्स में 1.3 गुना से अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। ज्वेलरी, ब्यूटी, फैशन और इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों में भी अच्छी मांग रही। रुफस एआई टूल ने ग्राहकों को उत्पाद खोजने, कीमतों की तुलना करने और रिव्यू पढ़ने में सहायता प्रदान की। सम-डे, नेक्स्ट-डे और अमेजन नाउ की अल्ट्रा-फास्ट डिलिवरी सेवाओं ने लास्ट-मिनिट शॉपिंग को गति दी।

## फर्जी व्हाट्सएप और 'एमपरिवहन' ऐप के जरिए साइबर ठगी, हरियाणा से आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कोलकाता पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने हरियाणा निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट और नकली लिंक के माध्यम से लोगों के मोबाइल फोन को हैक कर बैंक खातों से रुपये उड़ाने का आरोप है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, साइबर थाना कांड संख्या 50, दिनांक 12.09.2025 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 तथा बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता साइबर थाना के सब-इंस्पेक्टर अविजीत दत्ता हैं।

जांच में सामने आया कि 03.09.2025 से पहले और बाद में आरोपियों ने आपराधिक साजिश रचकर कई फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट तैयार किए। इन अकाउंट्स के जरिए 'कोलकाता ट्रैफिक पुलिस' के नाम का दुरुपयोग कर लोगों को फर्जी चालान और जुर्माने के संदेश भेजे जाते थे। साथ ही 'एमपरिवहन' नामक एक कथित ऐप का लिंक भेजा जाता था, जो वास्तव में एक फिशिंग लिंक था।

पुलिस के अनुसार, जैसे ही पीड़ित उस लिंक पर क्लिक करते या ऐप डाउनलोड करते, उनके मोबाइल फोन का नियंत्रण आरोपियों के हाथ में चला जाता था। इसके बाद आरोपी बिना जानकारी के पीड़ितों के बैंक खातों से रकम निकाल लेते थे। इस पूरी प्रक्रिया में जाली इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अपराध को वैध दिखाने की कोशिश की जाती थी।

तकनीकी जांच और डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर पुलिस ने 17 फरवरी 2026 की शाम लगभग 7:45 बजे हरियाणा से 29 वर्षीय दीपक कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी साइबर सुरक्षा शाखा, डिटेक्टिव विभाग, कोलकाता के कार्यालय में की गई। आरोपी के कब्जे से एक बैंक खाता और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है, जिनका उपयोग ठगी के लिए किए जाने की आशंका है।

पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और ट्रैफिक चालान या किसी भी सरकारी सूचना की पुष्टि आधिकारिक वेबसाइट से ही करें।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता ने 117 करोड़ रुपये से ऐतिहासिक बैस्क्यूल ब्रिज आधुनिकीकरण कार्य की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपी, कोलकाता) ने कोलकाता डॉक सिस्टम स्थित ऐतिहासिक बैस्क्यूल ब्रिज के आधुनिकीकरण के लिए 117.54 करोड़ रुपये की व्यापक परियोजना शुरू की है। वर्ष 1966 में निर्मित इस प्रतिष्ठित दो-पत्ती (डबल-लीफ) रोलिंग ब्रिज के उन्नयन का उद्देश्य कार्गो परिवहन को अधिक सुरक्षित, तेज और दक्ष बनाना है। यह पुल गार्डनरीच-मेटियाब्रुज क्षेत्र को शहर के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। ऑस्ट्रिया की कंपनी वैगनर-बिरो ब्रिज सिस्टम्स एजी द्वारा निर्मित यह अद्वितीय इंजीनियरिंग संरचना खिदिरपुर डॉक-ख और डॉक-खख के बीच



जहाजों के आवागमन के लिए खुलती है तथा बंद होने पर भारी वाणिज्यिक वाहनों और स्थानीय यात्रियों के लिए प्रमुख सड़क मार्ग के रूप में कार्य करती है। लगभग छह दशकों की सेवा के बाद पुल की संरचनात्मक मजबूती और यांत्रिक दक्षता बनाए रखने के लिए यह व्यापक नवीनीकरण आवश्यक माना गया है।

इस जटिल कार्य के निष्पादन हेतु एसएमपी, कोलकाता ने रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के साथ एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के बाद सितंबर 2025 में यह कार्य मुंबई स्थित एम/एस एच एंड एच फ्रेसीनेट को सौंपा गया।

परियोजना के अंतर्गत 1,640 टन वजनी इस्पाती संरचना तथा हाइड्रोलिक गियर और रैक-पिनियन प्रणाली सहित जटिल विद्युत-यांत्रिक तंत्र का संपूर्ण उन्नयन किया जाएगा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने इस परियोजना के रणनीतिक महत्व को देखते हुए सागरमाला योजना के तहत 40 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है।

एसएमपी, कोलकाता के अध्यक्ष रथेंद्र रमण ने कहा कि बैस्क्यूल ब्रिज बंदरगाह की लॉजिस्टिक प्रणाली की आधारशिला है और इसका आधुनिकीकरण न केवल विरासत संरचना का संरक्षण करेगा, बल्कि बंदरगाह संचालन की गति और सुरक्षा को भी बढ़ाएगा। परियोजना को मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना पूर्ण होने के बाद समुद्री एवं सड़क यातायात दोनों के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा तथा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## राम के शहर में रावण मचा रहा उत्पात : राजू बनर्जी

❑ **टीएसमी पर कथित कुशासन का आरोप, जारी की 5 विधानसभा की चार्जशीट**

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के श्रीरामपुर स्थित संगठनात्मक भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान राज्य भाजपा उपाध्यक्ष राजू बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ जमकर हमला बोला। उन्होंने पांच विधानसभा क्षेत्रों में कथित आरोपों को लेकर चार्जशीट जारी की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में बंगाल में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। बनर्जी ने सिंडिकेट राज, भू-माफिया, कटमनी, हत्या और दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि हुगली जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। राजू बनर्जी ने कहा कि श्रीरामपुर का नाम भगवान श्रीराम के नाम पर पड़ा है और श्रीराम सुशासन के प्रतीक हैं, लेकिन आज यहां रावण राज कायम हो



गया है। उन्होंने दावा किया कि जनता ने अपने कल्याण के लिए प्रतिनिधि को चुना था, लेकिन उन्हें अपेक्षित विकास नहीं मिला। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में राजनीतिक हिंसा चरम पर है और सबसे अधिक हत्याएं खुद सत्तारूढ़ दल के नेताओं की हुई हैं, जो पार्टी के अंदरूनी संघर्ष का परिणाम हैं।

❑ **बंगाल-बांग्लादेश की स्थिति पर टिप्पणी**

राजू बनर्जी ने कहा कि बंगाल और बांग्लादेश की स्थिति समान होती जा रही है तथा हिंदुओं पर अत्याचार के मामलों में वृद्धि हुई है। साथ ही, उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने उत्तरपाड़ा, डोमजूर, चांपदानी और जांगीपाड़ा, जगतबल्लभपुर विधानसभा क्षेत्रों को लेकर टीएसमी के कथित कुशासन के खिलाफ चार्जशीट पेश की। अंत में, राजू बनर्जी ने आरोप लगाया कि तालाब और नहरों पर भी तृणमूल कांग्रेस का कब्जा है और कटमनी की लड़ाई चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बौखला गई हैं और उन्हें आगामी चुनाव में हारने वाली है। बनर्जी ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद कोई भी सरकारी योजना बंद नहीं होगी, भाजपा सत्ता में आई तो सभी योजनाओं का लाभ डबल मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को दिया जाने वाला भत्ता किसी नेता की निजी संपत्ति नहीं है। न ही ममता बनर्जी या अभिषेकअपने घर में पैसा छापते हैं। यह आम जनता के टैक्स का पैसा है। सरकार कोई दया या कृपा नहीं कर रही है। बेरोजगार युवक-युवतियों को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार बनने पर रोजगार और नौकरी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि आपके घर में जो युवराज हैं, उन्हें भी लाइन में खड़ा कराइए। राजू बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में बेरोजगार युवा कोई ऑटो चला रहा है, कोई टोटो चला रहा है और कई लोग तृणमूल के सिंडिकेट से जुड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भत्ते के नाम पर राज्य की युवा पीढ़ी को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। चार्जशीट पेश करने के कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर तृणमूल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए, लेकिन मंच पर भाजपा की किसी भी महिला नेता की अनुपस्थिति ने एक विरोधाभासी तस्वीर पेश की। महिलाओं के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के बावजूद महिला प्रतिनिधित्व का न होना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना रहा।

## छात्राओं से यौन उत्पीड़न के आरोप में सहायक प्रोफेसर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर थाना पुलिस ने छात्राओं को कुप्रस्ताव देने, लगातार अश्लील संदेश भेजने और यौन उत्पीड़न के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रविकांत बल्लभ डायमंड हार्बर के एक निजी विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार की सुबह से ही आरोपित शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन शुरू हो गया। आरोपित के क्वार्टर के सामने भी प्रदर्शन किया गया। बाद में पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस को भी घेरकर विरोध प्रदर्शन किया गया। लगभग पांच घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रहने के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर थाने ले गई। प्रदर्शनकारी छात्राओं का आरोप है कि आरोपित विभिन्न समय पर संदेश भेजकर कुप्रस्ताव देता था। वह अशोभनीय टिप्पणियां करता था और प्रैक्टिकल कक्षा या परीक्षा से पहले मदद के नाम पर यौन उत्पीड़न करता था। गत शुक्रवार दोपहर विश्वविद्यालय प्रबंधन को लिखित शिकायत सौंपी गई थी। लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से आक्रोश बढ़ता गया। सोमवार की दोपहर विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन हुआ। मंगलवार सुबह परिसर के क्वार्टर के पास आरोपित को हाफ पैंट और सैंडो बनियान पहनकर घूमते हुए देखने पर छात्रों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया। सुबह नौ बजे मुख्य द्वार को अवरुद्ध कर प्रदर्शन शुरू किया गया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के लगभग पांच घंटे बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। इसके बाद छात्राओं ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

**NAME CHANGE**

I ARUN DAS Unit-58 WEU R/o. Vell+ PO-Tilkhoja, P.S-Moyna, Dist-Purba Medinipur, State-West Bengal, Pin-721629. My. service No-15679641P, Rank. HAV. I am citizen of India. SAHADEB DAS is my father. In my Army Service Records, My Father's Name & D.O.B is wrongly recorded as SAHADEV DAS 02.07.1957. As per his identified Document I Aadhaar card, his correct Name & D.O.B is SAHADEB DAS 01.01.1953 which may be amended accordingly for all further Purposes. I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for my father's Name & D.O.B. Affidavit date -10.02.2026, Notary Public at Tamluk. SAHADEV DAS and SAHADEB DAS both are the same and one identical person

**NAME CHANGE**

I ARUN DAS Unit-58 WEU R/o. Vell + P.O-Tilkhoja. P.S- Moyna, Dist- Purba Medinipur, State-West Bengal, Pin-721629. My Service No-15679641P, Rank. HAV. I am citizen of India. SANDHYARANI DAS is my Mother. In my Army Service Records, My Mother's Name & D.O.B is wrongly recorded as SANDYA RANI DAS-01.07.1967. As per her identified Document/Aadhaar card, her correct Name & D.O.B IS SANDHYA RANIDAS 04.07.1965 which may be amended accordingly for all further purposes. I am producing this Affidavit for the purpose of evidence mother's Name SD.O.B. for my Affidavit date-10-02-2026, Notary Public at Tamluk. SANDHYA RANI DAS and SANDYA RANI DAS both are the same and one identical person.

**NAME CHANGE**

I, Md Ali Ashraf (old name) son of Late Mohammad Humair Ahmad, residing at THE SOUL, TOWER NO- 3, FLAT NO- 1502, BLOCK- B, P.O.- AKANDAKESHARI, RAJARHAT, NORTH 24 PARGANAS, WEST BENGAL, PIN- 700135, India, have changed my name and shall henceforth be known as Mohammad Ali Ashraf (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit dated 18/02/2026. Mohammad Ali Ashraf (new name) and Md Ali Ashraf (old name) both are same and one identical person.

# बढ़ा कोलेस्ट्राल खामोश खतरा


सीतेश कुमार द्विवेदी

कोलेस्ट्राल का बढ़ना स्वयं में कोई बीमारी नहीं है किंतु यह खामोश खतरा है जो रक्त में मौजूद होता है। यह बढ़कर बीपी, दिल का रोग एवं दिल के दौरे का कारण बनता है। यह असमय जानलेवा सिद्ध होता है। खानपान में जो वसा मौजूद होती है वह शरीर के द्वारा परिवर्तित होकर कोलेस्ट्राल बन जाती है और रक्त के माध्यम से वाहिका एवं कोशिकाओं में पहुंच जाती है।

इसकी सामान्य निर्धारित मात्रा शरीर के लिए आवश्यक है जो काम आती है किंतु इसकी मात्रा अधिक हो जाने पर यह बीपी को बढ़ा देती है, हृदय को रोगी बना देती है एवं रक्त वाहिका को अवरूद्ध कर पक्षाघात या दिल के दौरे का कारण बनती है।

इसकी तीव्रता या बारम्बरता प्राणघाती होती है। खानपान का तेल, घी, मक्खन, वनस्पति तेल आदि वसा के प्रमुख स्रोत हैं जो पचने पर शरीर में कोलेस्ट्राल के रूप में बदल जाते हैं। कोलेस्ट्राल मोम जैसा तत्व है जो शत्रु एवं मित्र दो प्रकार का होता है। एल डी एल कोलेस्ट्राल एवं ट्राइग्लिसराइड्स दोनों शत्रु कोलेस्ट्राल कहलाते हैं। इन दोनों में से किसी एक या दोनों की मात्रा का सामान्य से बढ़ जाना खतरे को बढ़ा देता है जबकि एच डी एल मित्र कोलेस्ट्राल कहलाता है। इसकी मात्रा का सामान्य से बढ़ना हमें खतरे से बचाता है। यह कोशिका, रक्तवाहिका एवं हृदय के अवरोधों को दूर करता है। मित्र कोलेस्ट्राल एच डी एल बढ़े बीपी को सामान्य करता है। हृदय रोग एवं हृदयाघात से बचाता है।

बुरे कोलेस्ट्राल एल डी एल का बढ़ना रक्त एवं शरीर में मौजूद खामोश खतरा है जो कभी भी विपत्ति खड़ा कर देता है इसीलिए बुरे कोलेस्ट्राल एल डी एल एवं ट्राईग्लिसराइड्स के स्तर को सामान्य से कम रखना चाहिए एवं मित्र कोलेस्ट्राल एच. डी. एल को बढ़ाकर रखना चाहिए।



### कोलेस्ट्राल क्या है?

खानपान से मिले तेल, घी, मक्खन एवं वनस्पति तेल, जैसी वसाओं को परिवर्तित कर हमारा शरीर कोलेस्ट्राल बना देता है। यह रक्तवाहिकाओं एवं कोशिकाओं में जमा होता जाता है। यह स्वयं कोई बीमारी नहीं है न ही यह बीमारी के आने का संकेत देता है। इसकी सामान्य मात्रा शरीर के लिए उपयोगी है किंतु इसकी अधिकता किसी भी खतरे का कारण बन सकता है।

बाहरी तौर पर इसकी अधिकता का पता नहीं चलता किंतु रक्त की जांच कराने पर ही इसकी मौजूद मात्रा का पता चलता है। लिपिड एवं लिपोप्रोटीन नामक जांच से यह पता चलता है। रक्त की यह जांच 9 से 12 घंटे तक बिना खाए रहने के बाद होती है। कुल कोलेस्ट्राल में तीन प्रकार का कोलेस्ट्राल होता है।

### एल. डी. एल. कोलेस्ट्राल:-

इसे खराब कोलेस्ट्राल कहा जाता है। यह हृदय की रक्त धमनियों में रूकावट का प्रमुख कारण बनता है। इसके 100 एम जीडी एल से कम को अनुकूल माना जाता है जबकि 100 से 129 को अनुकूल से थोड़ा ज्यादा, 130 से 159 को खतरनाक सीमा रेखा पर, 160 से 189 को उच्च स्तर एवं 190 से ऊपर को बहुत अधिक माना जाता है।

### एच डी एल कोलेस्ट्राल:-

यह बुरे कोलेस्ट्राल के प्रभाव को दिल की रक्त वाहिकाओं से बचाता है। यह अच्छा कोलेस्ट्राल कहलाता है एवं हमें हृदय रोगों से बचाता है। एच डी एल का अधिक होना हर स्तर पर अच्छा होता है किंतु इसका 40 एम जी डी एल से नीचे होना जोखिमपूर्ण होता है। इसका अधिक स्तर ही हृदय के लिए सहायक होता है। यह कुछ खानपान एवं शारीरिक सक्रियता से बढ़ता है। यह स्त्रियों में 50 से अधिक एवं पुरूषों में 40 से अधिक होना चाहिए।

### ट्राइग्लिसराइड्स:-

यह भी रक्त में उपस्थित एक प्रकार का वसा है जो खतरनाक है एवं भारतीयों में यह अधिक पाया जाता है। यह बढ़ने पर हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाता है। 100 से 149 एम जी डी एल तक इसकी अनुकूल सीमा रेखा है। इससे ज्यादा होने पर यह खतरे के स्तर को बढ़ा देता है। इस स्थिति में उपचार जरूरी हो जाता है।

### बचाव के लिए:-

एल डी एल एवं ट्राइग्लिसराइड्स की अधिकता को दवा के माध्यम से नियंत्रित करना खतरनाक होता है। इसके लिए जीवन शैली जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। खानपान सुधारना एवं कसरत करनी चाहिए। कोलेस्ट्राल भोजन से मिले वसा के माध्यम से लिवर में बनता है। वसा को कम करने से कोलेस्ट्राल भी कम होता जाता है। मांस एवं दुग्ध उत्पादों वाले सेचुरेटिड फैट तथा बाजार में मिलने वाले तले पदार्थों के ट्रांसफैट को घटाना चाहिए।

भोजन में रेशेदार पदार्थों की मात्रा को बढ़ाना चाहिए। यह हमें साबुत गेहूं, मोटे अनाज, दाल, फल सब्जी, सलाद अंकुरित चीजों से मिलता है। यह चर्बीयुक्त कोलेस्ट्राल, वनस्पति तेल, डालडा, मक्खन एवं घी को सोखकर कम करता है एवं पाचन में सहायक बनता है। वजन मोटापा एवं कमर का घेरा यदि ऊंचाई के अनुपात से अधिक है तो इसे घटाने से भी खराब कोलेस्ट्राल एल डी एल घट जाता है।

यदि पुरूषों में कमर का घेरा 40 इंच से ज्यादा एवं स्त्रियों में 35 इंच से ज्यादा है तो यह बीमारी का कारण बन सकता है। इसे घटाने से कोलेस्ट्राल के नियंत्रण में आशातीत सफलता मिलती है। शारीरिक सक्रियता, व्यायाम, पदयात्रा, साईकिल चलाना, सीढ़ी चढ़ना आदि शत्रु कोलेस्ट्राल एल डी एल को कम करता है एवं मित्रा कोलेस्ट्राल एच डी एल को बढ़ाता है। सुस्त एवं आराम पसंद जीवनशैली को बदलकर सकारात्मक सक्रिय जीवनशैली अपनाने तथा पौष्टिक संतुलित सुपाच्य आहार से कोलेस्ट्राल नियंत्राण में वांछित लाभ मिलता है।

### एक नजर में:-

- हमारे खानपान में वसा से ही कोलेस्ट्राल बनता है।
- लिवर इस वसा को कोलेस्ट्राल बनाने का काम करता है।
- कोलेस्ट्राल तीन प्रकार का होता है।
- एल डी एल एवं ट्राइग्लिसराइड्स शत्रु कोलेस्ट्राल हैं।
- एच डी एल को मित्र कोलेस्ट्राल कहते हैं।
- घी, मक्खन, डालडा, तेल से शत्रु रूपी ट्राइग्लिसराइड्स बढ़ता है।
- सेचुरेटिड फैट एवं ट्रांसफैट से शत्रु कोलेस्ट्राल बढ़ता है।
- मांसाहार त्यागना कोलेस्ट्राल नियंत्रण में लाभदायी होता है।
- धूम्रपान, मदिरापान त्यागने से भी लाभ मिलता है।
- सक्रिय एवं श्रम पूर्ण जीवनशैली से फायदा मिलता है।
- फल, सब्जी, सलाद, अंकुरित चीजों से लाभ मिलता है।
- साबुत अनाज, दाल, से लाभ मिलता है।
- अंगूर, पपीता, बेर, संतरा, तरबूज आदि लाभ दिलाते हैं।
- मैदे की चीजें, शक्कर कम करने से लाभ मिलता है। (स्व. द.)

## सेहत की खबरें

अशोक गुप्त

### आस्टियोपारोसिस से बढ़ सकता है हृदय रोग का खतरा

आर्थराइटिस में कई बार दर्द निवारक दवाओं का प्रयोग किया जाता है और इनमें से कुछ दवाएं ऐसे मरीजों में हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकती हैं। आर्थराइटिस और हृदय रोग के सबंध के विषय में पाया गया कि आर्थराइटिस के मरीजों में हृदय रोग पैदा होने की संभावना 23 प्रतिशत अधिक थी। इसके अतिरिक्त ऐसे मरीजों की हार्टफेल होने की 42 प्रतिशत अधिक और स्ट्रोक होने की 14 प्रतिशत अधिक थी।

इसके अतिरिक्त स्वीडिश अध्ययन में यह पाया गया है कि जिन्हें घुटने या हिप की आर्थराइटिस है उनके हृदय रोग से मरने की संभावना 19 प्रतिशत अधिक पाई गई। यह खतरा आयु के साथ बढ़ता गया।

### कितना सोएं हम

हर व्यक्ति की नींद की आवश्यकता अलग-अलग होती है। कुछ लोग 5-6 घंटे में ही पूरी नींद ले लेते हैं जबकि कुछ लोगों की नींद 7-8 घंटे में भी पूरी नहीं होती। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि कितना सोना स्वास्थ्य के लिए उचित है और कितना सोना हानिकारक हो सकता है। हाल में हुए एक अध्ययन के अनुसार एक दिन में 4 घंटे से कम या 11 घंटे से अधिक सोना स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। अध्ययन में पाया गया कि 11 घंटे से ज्यादा नींद लेने वालों में फेफड़ों की बीमारी पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने की संभावना साधारण से 3 गुना अधिक हो जाती है। सुबह अधिक देर तक सोते रहने वाले लोगों में कोलेस्ट्राल का लेवल बढ़ जाता है और उनकी कमर का आकार भी बढ़ जाता है। 4 घंटे से कम सोने वालों में भी फेफड़ों संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सबसे बेहतर है 7-8 घंटे की नींद नित्य लेना।

### एक्सरसाइज करेंगे तो आधे कैंसर यूं ही दूर

सेहत के लिए एक्सरसाइज को बहुत अच्छा माना जाता है। एक अध्ययन के अनुसार अगर फुर्सत के समय एक्सरसाइज की जाए तो सात तरह के कैंसर के खतरों को कम किया जा सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जितनी एनर्जी हम एक्सरसाइज करते समय खर्च करते हैं उतना ही असर हमारे मेटाबॉलिज्म पर पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक्सरसाइज करने से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा 6 से 10 फीसदी तक कम हो जाता है। एक्सरसाइज से किडनी, लिवर और कोलोन कैंसर पर भी काबू पाया जा सकता है।

### मटर बचाए पेट के कैंसर से

मटर को किसी भी रूप में खाएं चाहे पुलाव में या सब्जी में, इसका स्वाद बहुत अच्छा होता है। मटर बहुत फायदेमंद होती है। 100 ग्राम मटर से आप 60 कैलरीज ग्रहण करते हैं। इसमें कैलरीज कम होती हैं और न्यूट्रिशंस ज्यादा। हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार मटर पेट के कैंसर को काफी हद तक कम कर देती है।

### आंवला में भरपूर होता है विटामिन सी

आंवले में उपस्थित कुछ पोषक तत्व सर्दी में बहुत फायदेमंद होते हैं। आंवले में उपस्थित विटामिन सी इम्यून सिस्टम को स्ट्रांग बनाता है। इसमें पाए जाने वाले एंटी आक्सीडेंट शरीर में मौजूद केमिकल्स को बाहर निकालने में मदद करते हैं। आंवला ब्लडशुगर को तो कंट्रोल तो करता ही है साथ साथ अनीमिया से भी बचाता है। 50-50 ग्राम के दो आंवले प्रतिदिन खाएंगे तो 0.5 ग्राम प्रोटीन,13.7 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 58 ग्राम कैलरी, 1.2 मिलीग्राम आयरन पा सकते हैं।

### मेथी खाएं, सर्दी भगाएं

मेथी की तासीर गर्म होती है इसलिए इसका सेवन सर्दियों में अधिक होता है। इसका सेवन आप सब्जी, परांठे, साग के रूप में कर सकते हैं। इसमें विटामिंस, आयरन, मिनरल्स और फाइबर्स अत्यधिक मात्रा में होते हैं। मेथी कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के अतिरिक्त शुगर लेवल को कम करने में मदद करती है। यदि आप प्रतिदिन 200 से 300 ग्राम मेथी खाते हैं तो आप कई बीमारियों से बच सकते हैं।

### पोषक तत्वों से भरपूर मूली

मूली कई रंगों में पाई जाती है। यह टेस्ट में तीखी और मीठी होती है। इसमें फोलिक एसिड, एक्रोबिक एसिड और पोटेशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसे आप परांठे, सलाद और सब्जी के रूप में भी खा सकते हैं। एक मूली में 30 कैलोरीज होती हैं और विटामिंस बहुत ज्यादा मात्रा में होते हैं। (स्वा.द.)

# आपकी त्वचा के सौंदर्य को बढ़ाते हैं विटामिन



सोनी मल्होत्रा

पिछले कुछ समय से महिलाओं में अपनी त्वचा की देखभाल के प्रति जो जागरूकता देखने को मिली है, वह पहले महिलाओं में नहीं थी। अपने सौंदर्य के प्रति तो महिलाएं सतर्कता बरतती थी पर शायद त्वचा की देखभाल की जानकारी के अभाव में अपनी त्वचा के निखार के लिए उतनी प्रयत्नशील नहीं थी जितनी अब हैं। इस जागरूकता का श्रेय जाता है त्वचा विशेषज्ञों द्वारा किए गए शोधों को।

त्वचा विशेषज्ञों का मानना है कि त्वचा पर सबसे अधिक प्रभाव डालते हैं विटामिन। विटामिनों के अभाव में त्वचा बेजान, चमकहीन, रूखी, धब्बेदार, तैलीय हो सकती है, इसलिए स्वस्थ व सुन्दर त्वचा के लिए विभिन्न प्रकार के विटामिन विशेषकर विटामिन ए, ई,सी और डी आवश्यक हैं। विटामिन ई व सी तो एंटी आक्सीडेंट का साधारण रूप हैं जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से सुरक्षा देते हैं।

फ्री रेडिकल्स प्रदूषण, धुएं, सूर्य की किरणों के माध्मय से त्वचा सेल्स को हानि पहुंचाते हैं और त्वचा झुर्रियों का शिकार बनती है। विटामिन ए सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से त्वचा को सुरक्षा देता है और विटामिन सी त्वचा के घावों को भरने में मदद करता है। कुछ शोधों से यह भी सामने आया है कि विटामिन ए और सी तो त्वचा की परतों में प्रवेश कर, जख्म या जलने के कारण त्वचा टिश्यू को हुए नुकसान में सुधार लाने में मदद करते हैं।

विटामिन ए की कमी व अधिकता दोनों त्वचा के रूखेपन का कारण बन सकती है। विटामिन ए का ही रूप रेटिनायडस का प्रयोग मुंहासों, झुर्रियां दूर करने, सूर्य की अल्ट्रायलट किरणों द्वारा पहुंची क्षति को दूर करने में किया जाता है। कई क्रीमों व स्किन केयर प्रोडक्ट्स में विटामिन ए का प्रयोग किया जाता है।

विटामिन सी त्वचा के जख्मों को भरने में व स्कर्वी रोग से सुरक्षा देता है। विटामिन सी फ्री रेडिकल्स से सुरक्षा देता है। हमारी त्वचा पर फ्री रेडिकल्स हमला कर त्वचा के कोलाजन को व लचीलेपन को नष्ट कर देता है। विटामिन सी-कोलाजन की रक्षा करता है।

विटामिन सी बहुत जल्दी नष्ट हो जाता है। हवा और प्रकाश के प्रभाव में आकर विटामिन सी बहुत जल्द आक्सीडाइज हो जाता है। इसीलिए इसकी पैकिंग भी महत्त्वपूर्ण होती है। इसकी पैकिंग इस प्रकार की मेटल ट्यूब में की जाती है जिसमें प्रकाश व हवा प्रवेश न करें।

विटामिन सी उम्र के प्रभाव को कम करने में सहायक है। विटामिन सी के अच्छे परिणाम पाने के लिए इसका प्रयोग अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड के साथ किया जाता है। यह गुण में विटामिन सी के समान ही होता है।

अगर आपकी त्वचा रूखी है तो विटामिन सी युक्त क्रीम सुबह लगाएं और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड युक्त क्रीम रात को लगाएं और अगर आपकी त्वचा तैलीय या मिश्रित है तो इसके विपरीत करें अर्थात सुबह ए एच ए युक्त क्रीम व रात को विटामिन सी युक्त क्रीम लगाएं।

विटामिन डी सूरज की किरणों से हमारे शरीर को प्राप्त होता है। विटामिन डी एंटी आक्सीडेंट है और त्वचा की पिगमेंटेशन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है पर विशेषज्ञों का मानना है कि इसका अधिक प्रयोग त्वचा के लिए हानिकारक हो सकता है।

विटामिन ई का प्रयोग कई तरह के सौंदर्य प्रसाधनों में किया जाता है। विटामिन ई युक्त लिपस्टिक, क्रीम, माश्चराइजर ऑयल बाजार में उपलब्ध हैं। यह त्वचा पर सुरक्षा परत की तरह कार्य करते हैं। विटामिन ई स्टेऋच मार्क्स को हल्का करता है।

इस तरह विटामिन हमारी त्वचा का बाहरी पोषण तो करते ही हैं, साथ ही आंतरिक पोषण भी देते हैं। अच्छी त्वचा के लिए संतुलित आहार व विटामिन ए, सी, ई युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन आवश्यक है। विटामिन ए व सी त्वचा के कोलाजन के निर्माण में सहायक बनते हैं व त्वचा पर पड़ने वाले बढ़ती उम्र के प्रभाव को भी कम करते हैं। (स्वा.द.)

# गुस्से पर ऐसे पाएं काबू

आनंद कुमार अनंत

आज के वातावरण में प्रत्येक व्यक्ति अपने विचारों को सर्वोपरि मानता है। फलस्वरूप अपेक्षा करता है कि प्रत्येक पक्ष उसके विचारों का अनुमोदन करे। किसी कार्य की इच्छा अथवा विचारों के प्रतिकूल होने पर वह व्यक्ति गुस्से में आ जाता है। कितनी ही बार गलतफहमी अथवा हंसी-मजाक में एकाएक गुस्सा आ जाता है।

वास्तव में गुस्सा आने में 'मूड' की अहम् भूमिका रहती है। जहां कभी-कभी छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ जाता है, वहीं बड़ी-से-बड़ी बात भी नजरअंदाज हो जाया करती है। कभी-कभी गुस्सा किसी पर आता है और उतर कहीं और ही जाता है।

कुछ व्यक्ति गुस्सा पी जाते हैं तो कुछ बोल कर व्यक्त करते हैं। गुस्से में कुछ लोगों का शरीर थर-थर कांपने लगता है। कुछ लोग गाली-गलौज अथवा मारने-पीटने से इसकी अभिव्यक्ति करते हैं। कई ऐसे भी लोग होते हैं जो गुस्से में रूठकर चुपचाप बैठ जाते हैं अथवा भोजन आदि का परित्याग कर देते हैं।

वास्तव में गुस्सा पीना उचित नहीं है। ऐसा करने से अंदर ही अंदर गुब्बारे पनपने लगते हैं जो मानसिक विकार उत्पन्न करते हैं। गुस्से के आवेग से रक्तचाप में वृद्धि सहित हृदय स्पंदन में भी वृद्धि होती है। इस अवधि में प्रायः व्यक्ति का मन दुःखी हो जाया करता है। शरीर में थकावट अनुभव होती है, फलस्वरूप किसी भी कार्य में मन नहीं लगता। जिस गुस्से के द्वारा अपने पराये हो जायें तथा अपने स्वास्थ्य की हानि हो तथा आपस में कटुता उत्पन्न हो जाये तो क्या उस गुस्से को छोड़ा नहीं जा सकता? 'गुस्से' से मुक्ति हेतु निरंतर अभ्यास के माध्यम से निम्न बिन्दुओं पर शांत भाव से चिन्तन-मनन करने के उपरांत व्यवहारिक रूप से नित्य प्रति जीवनचर्या में अनुसरण करना चाहिए।

अपने मन एवं भावों को सदैव निरंतर अभ्यास के द्वारा शांत रखें। जहां शांति का वास होता है 'वहां से 'क्रोध' स्वतः ही कूच कर जाता है।

एक चुप सौ बोलने वालों को हराता है। यदि किसी को क्रोध आये तथा आप चुपचाप रहें तो वह स्वतः ही शांत हो जायेगा।

छोटे-बड़े का ध्यान रखते हुए सभी से सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। कभी किसी को अपमानित करना उचित नहीं है।

क्रोधावस्था को किसी भी स्थिति में लंबा खींचना उचित नहीं। यदि अपनी बुद्धि कार्य न करे तो किसी घनिष्ठ एवं विश्वसनीय मित्र के सम्मुख सम्पूर्ण समस्या का बखान कर समाधान करना चाहिए।



कितनी ही बार क्रोध का आवेग गलतफहमी अथवा संदेह के कारण उत्पन्न होता है। अतः क्रोध होने से पूर्व गलतफहमी अथवा संदेह का तत्काल निराकरण करना चाहिए।

हंसी-मजाक में भी अपशब्दों का प्रयोग तभी करना चाहिए जबकि आप भी ऐसी स्थिति को सहन करने की क्षमता रखते हों।

प्रिय वचनों द्वारा अपने प्रबल शत्रु को मित्रा तथा कटुवचनों के द्वारा घनिष्ठ मित्रा को भी शत्रु बनाया जा सकता है, अतः अपने वार्तालाप में कटु वचनों का प्रयोग कदापि न करें।

यह सदैव अपने मन-मस्तिष्क में रखें कि न तो संसार में सब व्यक्ति हमारी इच्छाओं के अनुरूप चलेंगे और न ही सब कार्य हमारी इच्छाओं के अनुरूप ही होंगे। जब वस्तुस्थिति ऐसी है तो फिर क्रोध किस बात पर।

आप जैसा व्यवहार अपने साथ चाहते हैं, वैसा ही दूसरों के साथ भी व्यवहार करें तो निश्चय ही क्रोध उत्पन्न होने की स्थिति नहीं आयेगी।

वर्तमान में जीने का प्रयास करते हुए जीवन को अत्यंत छोटा समझें जिससे उक्त क्रोधावस्था की स्थिति स्वतः ही उत्पन्न ही नहीं होगी।

चूंकि क्रोध क्षणिक होता है, अतः यदि उस क्षण को आप शांत भाव से किसी प्रकार नजरअंदाज कर दें तो निश्चय ही क्रोध के आवेग से बचा जा सकेगा।

यह आवश्यक नहीं कि जो व्यक्ति शिक्षा प्राप्त हो, वह सामाजिक व्यवहार अथवा बोल-चाल में भी पूर्णतः दक्ष हो। अतः किसी व्यक्ति के अप्रिय व्यवहार अथवा वचन से अपना मानसिक संतुलन खोकर क्रोधित होना कदापि उचित नहीं। (स्वा.द.)

# कहां से पायें विभिन्न विटामिंस

सुनीता गाबा

पौष्टिक आहार के लिए विभिन्न विटामिंस का लेना आवश्यक होता है पर अधिकतर लोग इन्हें नजरअंदाज करते हैं। अगर आप चाहते हैं कि जो आप खाते हैं उनमें विटामिंस भरपूर हों तो ध्यान दें अपने आहार पर कि क्या आप सही मात्रा में विटामिंस पा रहे हैं या नहीं।

विटामिन ए - विटामिन ए फिश लिवर आयल, अंडे, बटर, चीज और दूध से मिलता है। इसके अतिरिक्त हरी पत्तियों वाली सब्जियां और पीले रंग के फलों में भी मिलता है।

विटामिन बी - विटामिन बी हमें फल, सब्जियों और अनाज से मिलता है। इसके अतिरिक्त विटामिन बी यीस्ट से भी मिलता है जो ब्रेड बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

विटामिन सी - संतरा, मौसमी, नींबू, स्ट्राबरी, आंवला, अमरूद ये फल विटामिन सी के भंडार हैं। इसके अतिरिक्त शिमला मिर्च, करेला, हरी मिर्च, बंद गोभी, मूली के पत्ते, मेथी, धनिया आदि से भी विटामिन सी प्राप्त होता है।

विटामिन ई - मकई, वेजिटेबल आयल, मेवे, पालक, गेहूं और ऑलिव्स से हम विटामिन ई की मात्रा प्राप्त कर सकते हैं।

विटामिन के - विटामिन के हम भुने हुए सोयाबीन, सूखा धनिया, सूखी तुलसी, मिर्ची पाउडर, गहरी हरी पत्तेदार सब्जियां, ब्रोकली, बंद गोभी से प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त सेलिनियम अनाज, सी फूड, लहसुन और अंडे से प्राप्त कर सकते हैं। जिंक हम मछली, चिकन और अंडे से प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि जिंक शाकाहारी भोजन से कम मिलता है, मांसाहारी से अधिक। (स्वा.द.)

# वर्क आउट के दौरान नो लाउड म्यूजिक

नरेंद्र देवांगन

एक्सरसाइज करते समय ज्यादातर यंगस्टर्स लाउड म्यूजिक सुनना पसंद करते हैं। पार्क हो या जिम सेंटर, दोनों जगह पर म्यूजिक के साथ वर्क आउट एंज्वॉय करते हुए लोग देखे जा सकते हैं लेकिन इससे किसी तरह के लाभ के बजाय नुकसान होता है। हाल में ही किए गए शोध इससे पूरी तरह बचने की सलाह देते हैं।


### क्या कहता है शोध:

आमतौर पर यंगस्टर्स एक्सरसाइज करते समय लाउड म्यूजिक सुनते हैं। यही नहीं, हाल ही में न्यूजीलैंड स्थित वेलिंगटन विश्वविद्यालय में किए गए शोध में पाया गया कि 90 फीसदी युवा, तेज साउंड में म्यूजिक सुनने के आदी होते हैं। यह साउंड इतनी तेज होती है कि सामान्य अवस्था में परेशानी पैदा करती है।

फिर एक्सरसाइज के दौरान तो शरीर का नर्वस सिस्टम इस तरह से काम करता है कि तेज म्यूजिक उसे सीधे अपना काम करने में बाधा पहुंचाता है हालांकि विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि थोड़े बहुत हल्के साउंड में म्यूजिक चल सकता है।

### क्या है असल समस्या:

म्यूजिक हमारे लिए हानिकारक नहीं है। यहां तक कि इसका प्रयोग कई बीमारियों के इलाज में भी किया जा रहा है। इसे म्यूजिक थेरेपी कहा जाता है लेकिन इसे काफी नियंत्रित ढंग से एक खास डेसिबल का म्यूजिक सीमा के बीच और विशेषज्ञों की निगरानी में किया जाता है जबकि जिम में चलने वाला म्यूजिक इस डेसिबल सीमा से काफी अधिक का होता है। रिसर्च बताते हैं कि 80-85 डेसिबल से अधिक तीव्रता का म्यूजिक, नर्वस सिस्टम और हार्ट बीट्स पर बुरा प्रभाव डालता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्रेड मिल या फिर वेट ट्रेनिंग के समय तेज संगीत खून के बहाव को थोड़ा अनियंत्रित कर देता है।



### क्या है डेसिबल:

एक सामान्य म्यूजिक प्लेयर का अधिकतम साउंड 120 डेसिबल के करीब होता है। डीजे में जो संगीत बजता है, वो 150 डेसिबल से अधिक होता है। रॉक कंसर्ट में आगे की कतार पर लगभग 120 डेसिबल का शोर होता है। एक विमान जब टेक ऑफ करता है तो इससे 140 डेसिबल तक का शोर होता है। 80 से ऊपर डेसिबल सुनना नुकसानदेह होता है।

### लाइट म्यूजिक है बेस्ट:

युवा अक्सर सोचते हैं कि लाउड म्यूजिक के साथ एक्सरसाइज की जाए तो ज्यादा मजा आता है और इससे उनका जोश भी चरम पर पहुंच जाता है लेकिन ऐसा है नहीं। एक्सरसाइज के दौरान तेज साउंड जोश का केवल आभास देता है। सच्चाई यह है कि स्लो म्यूजिक हो तो कंफर्ट, मोटिवेशन और एंज्वॉयमेंट, तीनों बेहतर होते हैं। रिलैक्सिंग एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग के दौरान स्लो म्यूजिक सुनना हर नजरिए से लाभप्रद है लेकिन यहां भी एक बात ध्यान में रखने वाली है कि म्यूजिक हेडफोन के जरिए जहां तक हो सके, कम सुना जाएं।

### एरोबिक्स में म्यूजिक:

एरोबिक्स युवाआ में बहुत ज्यादा लोकप्रिय है। ऐरोबिक्स में डांस के स्टेप्स मिक्स कर युवा बेहतर फिटनेस पाना चाहते हैं। इसे करने के लिए भी युवा तेज म्यूजिक का सहारा लेते हैं। इससे कैलोरी बर्न होती है और ज्यादा एफिशिएंसी भी आती है लेकिन शरीर के आंतरिक अवयवों को यह म्यूजिक ठीक से काम करने में बाधा डालता है। डांस मिक्स एरोबिक्स सॉफ्ट म्यूजिक में भी आसानी से और पूरे एंज्वॉयमेंट के साथ किया जा सकता है। (स्वा.द.)

# अपने होंठों को सुंदर बनायें

विपिन कुमार

चेहरे के सभी अंगों की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं किन्तु होंठों का इनमें विशेष स्थान है। ये चेहरे की सुंदरता के केंद्र होते हैं। नर्म, कोमल, लालिमायुक्त तथा मध्यम मोटाई लिए सुडौल होंठ चेहरे की सुन्दरता में चार चांद लगाते हैं। सौन्दर्यशास्त्रियों ने तो इनके महत्त्व की स्पष्ट घोषणा करते हुए कहा कि सुंदर सुडौल होंठों के बिना किसी सुंदर चेहरे की कल्पना भी असंभव है।

जिस प्रकार अच्छे स्वस्थ, सुडौल, लाल होंठ चेहरे की सुंदरता बढ़ाते हैं, उसी तरह सूखे, पपड़ीले और बेढंगे होंठ चेहरे की सुंदरता व आकर्षण घटाते हैं। अपने चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए होंठों को स्वस्थ, सुंदर, कोमल, सुडौल व सरस बनाना आवश्यक है।

जाड़े के दिनों में प्रायः ठण्डी हवा चलने से होंठ फट जाते हैं। अतः इन्हें फटने से बचाने के लिए सोते समय नींबू, गुलाबजल व ग्लिसरीन का मिश्रण लगाएं। शहद में गाय का शुद्ध घी और गुलाब जल मिलाकर होंठों पर लगाने से होंठ सुंदर व सुडौल रहते हैं।



यदि होंठ बराबर सूखते हैं तो कभी-कभी मलाई अथवा स्वच्छ दूध को रूई में भिगोकर होंठों पर लगाइए।

बहुत सी महिलाओं के होंठों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। इनको दूर करने के लिए मक्खन अथवा ग्लिसरीन को होंठों पर फिराने से होंठों की खुश्की समाप्त हो जाती है। नमक और शहद मिलाकर लगाने से भी इसमें लाभ मिलता है।

होंठों का खुरदरापन अथवा फटना लिपस्टिक लगाने से भी बंद हो जाता है किंतु ध्यान रखें लिपस्टिक लगाने से पूर्व होंठों पर हल्का-सा मक्खन लगाकर पोंछ दें।

रात्रि में सोते वक्त नाभि व नाक में कुछ दिन नियमित रूप से दो बूंद शुद्ध सरसों तेल डालने से भी होंठों का सूखना व फटना बंद हो जाता है।

कभी-कभी होंठों में कालापन आ जाता है। गुलाब की पत्तियों को पीसकर होंठों पर लगाने से उसकी कालिमा दूर हो जाती है।

लाल गुलाब की पत्तियों को मक्खन के साथ मिलाकर होंठों पर लगाने से होंठ काफी मनमोहक बन जाते हैं। मलाई या दही को थोड़ा गुनगुना कर लगाने से होंठ मुलायम रहते हैं।

उपर्युक्त नुस्खों को अपनाने से आपके होंठ इतने आकर्षक हो जाएंगे कि लोग अनायास उनकी सुंदरता देखकर तरस उठेंगे। (स्वा.द.)

## पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ के 43 अस्थायी अड्डे बनाए गए : अधिकारी

**नयी दिल्ली:** पहलगाम हमले के बाद, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में 43 अस्थायी अड्डे बनाए हैं ताकि उन क्षेत्रों में रहने वाले आतंकवादियों की तलाश कर उन्हें खत्म किया जा सके। सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 6,000 फुट से अधिक ऊंचाई पर स्थापित इन ठिकानों का उपयोग केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों को कुछ दिनों के लिए ठहराने और अभियान चलाने के लिए किया जाता है जहां आतंकवादी 'ढोक' (झोपड़ियों) में छिपे होते हैं। सूत्रों ने बताया कि जुलाई 2025 में पहले अस्थायी परिचालन केंद्र की स्थापना के बाद से अब तक कुल 43 अस्थायी केंद्र बनाए जा चुके हैं। इनमें से 26 केंद्र कश्मीर क्षेत्र में और शेष 17 जम्मू क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं।

## सलीम खान वेंटिलेटर पर, हालत स्थिर: डॉक्टर

**मुंबई:** ब्रेन हेमरेज से पीड़ित जानमाने पटकथा लेखक सलीम खान का यहां उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बुधवार को बताया कि खान को एहतियात के तौर पर जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है और उनकी हालत स्थिर है। सलीम खान को एक दिन पहले ही यहां लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जावेद अख्तर के साथ 'शोले', 'दीवार' और 'डॉन' जैसी लोकप्रिय हिंदी फिल्मों की पटकथा लिखने वाले लेखक सलीम खान गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं और उनकी आयु को देखते हुए उन्हें ठीक होने में कुछ समय लग सकता है। डॉ. जलील पारकर ने संवाददाताओं से कहा, ''उनका (सलीम खान) रक्तचाप बढ़ा हुआ था, जिसके लिए हमने उनका उपचार किया। कुछ जांच करनी थीं, इसलिए हमें उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखना पड़ा। वेंटिलेटर एहतियात के तौर पर लगाया गया है, ताकि उनकी स्थिति बिगड़े नहीं। इसलिये ऐसा नहीं है कि उनकी हालत गंभीर है।'

## पुणे में अवैध रूप से रह रही 11 बांग्लादेशी महिलाएं हिरासत में

**पुणे:** पुलिस ने शहर में अवैध रूप से रह रही 11 बांग्लादेशी महिलाओं को बुधवार को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन महिलाओं के पास से फर्जी आधार कार्ड और अन्य आवासीय दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त ऋषिकेश रावले ने कहा कि एक सूचना के आधार पर शहर के बुधवार पेठ (रेड लाइट इलाका) में तलाशी अभियान चलाया गया। रावले ने कहा, हमने 22 महिलाओं को हिरासत में लिया है। इनमें से 11 महिलाएं बांग्लादेशी नागरिक हैं। ये महिलाएं पिछले कुछ महीनों से शहर में अवैध रूप से रह रही थीं।

## शत्रु संपत्तियों की जांच का हवाला देते हुए सूचना देने से इनकार करने के फैसले को सीआईसी ने सही बताया

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सूचना आयोग ने गृह मंत्रालय के उस फैसले को सही ठहराया है जिसमें 'शत्रु संपत्ति' के तहत विचाराधीन संपत्तियों के बारे में सूचना का अधिकार कानून के तहत मांगी गई जानकारी को यह कहते हुए देने से मना कर दिया गया था कि इससे जांच बाधित हो सकती है। पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों द्वारा छोड़ी गई संपत्तियों को शत्रु संपत्ति कहा जाता है जो अधिकतर 1947 से 1962 के बीच छोड़ी गई थीं। मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार गोयल ने भारत के शत्रु संपत्ति के संरक्षक कार्यालय के इस रुख से सहमति जताई कि मांगी गई जानकारी आरटीआई कानून की धारा 8(1)(एच) के तहत छूट वाली है, जो जांच की प्रक्रिया में रुकावट आने'' की स्थिति बनने पर जानकारी देने पर रोक लगाती है। आवेदक ने एक व्यक्ति की शत्रु संपत्तियों के बारे में विवरण मांगा था।

## गर्भवती पत्नी का कैंची से गला काटने के आरोप में चार्टर्ड अकाउंटेंट गिरफ्तार

**झज्जर (हरियाणा):** एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को अपनी गर्भवती पत्नी की कैंची से गला काटकर हत्या करने और इसे लूटपाट की कोशिश का रूप देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अंशुल धवन (31) ने पिछले साल सितंबर में महक (27) से शादी की थी। दोनों गुरुग्राम में काम करते थे। थाना प्रभारी (एसएचओ) सुरेश ने बताया कि रविवार रात को एक व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने अंशुल को लूटने की कोशिश की, उसकी कार छीन ली और उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट के लिए विश्व के नेताओं का स्वागत किया



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां भारत मंडपम में जारी 'एआई इम्पैक्ट समिट' में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा सहित विश्व के नेताओं का स्वागत किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे का स्वागत ढोल, नादस्वरम और तानपुरा सहित पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने गर्मजोशी से हाथ मिलाकर उनका अभिवादन किया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम, क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिल्लई, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो उन नेताओं में शामिल थे, जिनका मोदी ने भव्य रूप से सजाये गए भारत मंडपम में स्वागत किया। यूनान के प्रधानमंत्री क्यारियाकोस मित्सोटाकिस और गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव भी उन नेताओं में शामिल थे, जिनका प्रधानमंत्री ने स्वागत किया। इस शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के 500 से अधिक एआई दिग्गज, करीब 100 सीईओ एवं संस्थापक, 150 शिक्षाविद एवं शोधकर्ता और 400 मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ), उपाध्यक्ष तथा धर्मार्थ कार्य करने वाले व्यक्ति शामिल हो रहे हैं।

## भारत-भूटान की अटूट मित्रता आपसी विश्वास, सद्भावना पर आधारित : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत-भूटान की स्थायी मित्रता आपसी विश्वास और सद्भावना पर आधारित है तथा यह दोनों देशों के बीच साझेदारी को नए व परिवर्तनकारी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने में मार्गदर्शन करती रही है। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ बैठक के बाद, मोदी ने चर्चा को उत्कृष्ट बताया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ बैठक शानदार रही। हमने इस बात पर चर्चा की कि हम वैश्विक भलाई के लिए और स्थिरता के सिद्धांतों के अनुरूप एआई की शक्ति का उपयोग कैसे कर सकते हैं।

# एआई में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प, मानव-केंद्रित विकास पर जोर

### पीएम मोदी का विज़न: भारत बने शीर्ष तीन एआई महाशक्तियों में शामिल

**नई दिल्ली:** पीएम मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को भारत के भविष्य की प्रगति का अहम आधार बताते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है, उसका स्थान लेना नहीं। एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का दृष्टिकोण एआई को मानव-केंद्रित बनाए रखते हुए वैश्विक विकास को गति देने का है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत केवल एआई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित नहीं कर रहा, बल्कि आवश्यक बुनियादी ढांचा, नीतिगत पारिस्थितिकी तंत्र और कौशल विकास पर भी समान रूप से काम कर रहा है, ताकि देश एआई क्रांति में सहभागी ही नहीं, बल्कि उसका नेतृत्वकर्ता बन सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का आईटी क्षेत्र अब केवल सेवा प्रदाता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एआई उत्पाद, प्लेटफॉर्म और समाधान विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने एआई को 'फोर्स मल्टीप्लायर' बताते हुए कहा कि यह तकनीक हमारी संभावनाओं की सीमाओं को आगे बढ़ाने में सहायक होगी। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन एआई महाशक्तियों में शामिल हो- सिर्फ उपभोग में नहीं, बल्कि सृजन में भी। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय एआई मॉडल विश्वभर में तैनात होंगे और अरबों लोगों को उनकी मातृभाषाओं में सेवाएं प्रदान करेंगे। साथ ही, एआई स्टार्टअप्स सैकड़ों अरब डॉलर के मूल्यांकन तक पहुंचकर लाखों उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत एआई का अर्थ है- डिजिटल सदी के लिए भारत अपना स्वयं का कोड लिखे। उन्होंने कहा कि इंडिया एआई मिशन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि तकनीक हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करे और देश को जिम्मेदार एआई नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करे। एआई के सामाजिक प्रभाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जहां दुनिया इस तकनीक से बढ़ती असमानताओं को लेकर चिंतित है, वहीं भारत इसे खाइयों को पाटने के साधन के रूप में उपयोग कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय की जिम्मेदारी हमेशा मनुष्य के पास ही रहनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि प्रौद्योगिकी से रोजगार समाप्त नहीं होते, बल्कि उनका स्वरूप बदलता है और नए अवसर उत्पन्न होते हैं। इतिहास गवाह है कि हर नवाचार नए अवसरों का द्वार खोलता है, और एआई के युग में भी यही होगा। उन्होंने वैश्विक स्तर पर एआई के लिए साझा सिद्धांतों और मानकों के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया। पीएम मोदी के अनुसार, आत्मनिर्भर भारत में एआई का विज़न तीन स्तंभों-सार्वभौमिकता, समावेशन और नवाचार-पर आधारित है।

## रोहित पवार ने विमान दुर्घटना की जांच पूरी होने तक नागर विमानन मंत्री को हटाने की मांग की



**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) विधायक रोहित पवार ने बुधवार को मांग की कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे की जांच पूरी होने तक नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को उनके पद से हटा दिया जाए। राकांपा नेता अजित पवार के भतीजे रोहित ने यह भी दावा किया कि वीएसआर कंपनी को बचाया जा रहा है। कंपनी का लीयरजेट विमान पिछले महीने पुणे के बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि नागर विमानन मंत्री और उनकी पार्टी (तेलुगु देशम पार्टी) वीएसआर कंपनी के मालिकों के करीबी हैं। उन्होंने दावा किया, ''महाराष्ट्र के कुछ पूर्व मंत्रियों और आंध्र प्रदेश के शीर्ष तेदेपा मंत्रियों ने वीएसआर के मालिक वीके सिंह के बेटे रोहित सिंह की शादी में शिरकत की थी। कंपनी को संचालन की अनुमति प्राप्त है और शीर्ष नेता अभी भी कंपनी के लीयरजेट विमानों का इस्तेमाल कर रहे हैं।' रोहित पवार ने कहा कि नैतिक आधार पर नायडू को नागर विमानन मंत्री के पद पर नहीं रहना चाहिए। राकांपा (शप) नेता ने कहा कि अभी तक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भी नहीं आई है, और यह मानने का कारण है कि वीएसआर कंपनी को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## ब्रिटेन छोड़ने पर लगी कानूनी रोक के कारण नहीं बता सकता कब भारत लौटूंगा : माल्या ने अदालत में कहा



**मुंबई:** भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के कई मुकदमों का सामना कर रहा भगोड़ा कारोबारी विजय माल्या ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय में दलील दी कि वह स्वदेश लौटने की समयसीमा नहीं बता सकता क्योंकि उसके ब्रिटेन छोड़ने पर वहां की अदालत ने कानूनी रोक लगाई है। माल्या ने अपने वकील अमित देसाई के माध्यम से उच्च न्यायालय को बताया कि उसका पासपोर्ट रद्द कर दिया गया है, इसलिए उसके पास यात्रा के लिए यह महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं है। उसने कहा कि वह इस कारण से भारत लौटने की निश्चित तारीख नहीं बता सकता। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने पिछले सप्ताह कहा था कि जब तक माल्या भारत नहीं लौट आता, तब तक वह उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने वाले आदेश के खिलाफ दाखिल उसकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। अदालत के इस रुख के बाद माल्या की ओर से यह दलील पेश की गई है। अदालत ने माल्या से स्पष्ट करने को कहा था कि उसकी मंशा भारत लौटने की है या नहीं। माल्या (70) ब्रिटेन में 2016 से रह रहा है। उसने बंबई उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दाखिल की हैं। पहले में माल्या ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के फैसले को चुनौती दी है जबकि दूसरी याचिका में उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम की वैधता पर सवाल उठाया है। माल्या पर कई हजार करोड़ रुपये के ऋणों का भुगतान न करने और धनशोधन करने का आरोप है।

## सिन्हा ने कटरा में शंकराचार्य मंदिर, देवी संग्रहालय समेत कई बड़े फैसलों की घोषणा की



**जम्मू:** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कटरा के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की बुधवार को घोषणा की, जिनमें आदि शंकराचार्य के एक मंदिर का निर्माण और देवियों के एक अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना शामिल है। सिन्हा ने बताया कि कई सुविधाओं की शुरुआत पहले ही की जा चुकी हैं और तीन महीने के भीतर कटरा से शिवखोड़ी गुफा मंदिर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के प्रयास जारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि सिन्हा ने शंकरचार्य मंदिर की आधारशिला रखी, जिसकी परिकल्पना सर्वप्रथम 1967 में की गई थी। विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से लैस इस मंदिर को उपराज्यपाल के नेतृत्व में एक और बड़ी परियोजना के रूप में बनाया जा रहा है। भारत के प्रमुख देवी तीर्थ स्थलों की प्रतिकृतियों वाला देवी संग्रहालय भी रियासी जिले में माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटरा में बनाने का प्रस्ताव है। समारोह के दौरान सिन्हा ने कहा कि आदि शंकराचार्य ने देशव्यापी यात्रा की और चार मठों की स्थापना की। उपराज्यपाल ने कहा, 'उन्होंने जम्मू कश्मीर की भी यात्रा की। कश्मीर के श्रीनगर में स्थित शंकराचार्य के मंदिर में सैकड़ों तीर्थयात्री दर्शन के लिए आते हैं।'' उन्होंने कहा, 'अब, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जिला प्रशासन और स्थानीय निवासियों ने मिलकर आदि शंकराचार्य के एक भव्य मंदिर के निर्माण का निर्णय लिया है। स्थानीय देवी-देवता के लिए भी एक मंदिर बनाया जाएगा।''

## हिंद महासागर के 14 देशों की नौसेनाओं की गोवा में बैठक, साझा समुद्री चुनौतियों पर होगा ध्यान

**पणजी:** आगामी गोवा समुद्री सम्मेलन (जीएमसी 26) क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करने वाले अवैध व अनियमित मछली पकड़ने और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी चुनौतियों के बीच आयोजित किया जा रहा है। नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सम्मेलन में हिंद महासागर के 14 देशों की नौसेनाएं भाग ले रही हैं। गोवा स्थित नौसैनिक युद्ध महाविद्यालय के कमांडेंट, रियर एडमिरल ए.डी. नायर ने पणजी में संवाददाताओं को बताया कि 21 फरवरी को होने वाले सम्मेलन का विषय 'हिंद महासागर क्षेत्र में साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियां -गतिशील खतरों को कम करने के लिए प्रयासों को आगे बढ़ाना' है। उन्होंने कहा कि जीएमसी-26 में हिंद महासागर के 14 देशों के नौसेना प्रमुख और वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। नायर ने कहा, जीएमसी-26 का विषय वर्तमान समुद्री सुरक्षा परिवेश के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। अवैध, अनधिकृत और अनियमित मछली पकड़ना, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियां आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और क्षेत्रीय स्थिरता को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि ये खतरे अक्सर अधिकार क्षेत्र की कमियों का फायदा उठाते हैं और एकतरफा कार्रवाई के बजाय समन्वित प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।

## असम सरकार ने गत पांच साल में विज्ञापन व होर्डिंग लगाने पर 452 करोड़ रुपये खर्च किए : मंत्री



**गुवाहाटी:** असम सरकार ने गत पांच साल में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल और डिजिटल मीडिया मंचों के माध्यम से विज्ञापनों पर लगभग 400 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पीयूष हजारिका ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। हजारिका ने बताया कि 2021-22 से अब तक बैनर, होर्डिंग आदि पर अतिरिक्त 52 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक प्रदीप सरकार के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि एक जून, 2021 से 31 जनवरी, 2026 तक प्रिंट मीडिया में 'डिस्प्ले और क्लासिफाइड' विज्ञापनों के लिए लगभग 330.74 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। मंत्री ने बताया कि इसी अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापनों पर 69.39 करोड़ रुपये से अधिक, सोशल मीडिया में 37.8 करोड़ रुपये और डिजिटल मीडिया में 1.57 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

## असम में पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए हर बूथ पर 50 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य : भाजपा प्रमुख नवीन



**डिब्रूगढ़ (असम):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को असम में पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्येक बूथ पर कम से कम 50 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कांग्रेस पर असम को वोट बैंक की राजनीति के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दल बेचैन है क्योंकि भाजपा सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकाल रही है। अपने दो दिवसीय असम दौरे की शुरुआत करते हुए, नवीन ने यहां एक 'पन्ना प्रमुख सम्मेलन' में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्येक बूथ पर कम से कम 50 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा, हम यहां लगातार तीसरी जीत हासिल करने आए हैं। लेकिन मैं साधारण जीत से संतुष्ट नहीं हूं। मैं आपको एक लक्ष्य देता हूं - सभी बूथों से 50 प्रतिशत वोट लाएं। इससे कांग्रेस का भविष्य हमेशा के लिए बदल जाएगा। असम विधानसभा के 126 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। वर्तमान में, असम विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा की संख्या 64 है, जबकि उसके सहयोगी एजीपी के पास नौ विधायक, यूपीपीएल के पास सात और बीपीएफ के पास तीन सदस्य हैं। नवीन ने कांग्रेस पर सत्ता में रहते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यह उन सभी कांग्रेस नेताओं के लिए एक संदेश होगा जिन्होंने विदेशी शक्तियों के साथ हाथ मिलाया और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा, असम में कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति में शामिल है। उनके पास राज्य के लिए कोई नीति, इरादा और क्षमता नहीं था। लेकिन भाजपा के पास ये तीनों गुण हैं और हम जनता के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## मोदी और सर्बिया के राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक से मुलाकात की और रक्षा, विनिर्माण, उर्वरक एवं बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। यह मुलाकात 16 से 20 फरवरी तक यहां आयोजित एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के दौरान हुई। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक से मुलाकात की। हमने रक्षा, विनिर्माण, उर्वरक और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत और सर्बिया कई वर्षों से मिलकर काम कर रहे हैं और मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में हमारे संबंधों को और मजबूती मिलेगी।' वुसिक ने कहा कि दोनों नेता सर्बिया और भारत एवं दोनों देशों के लोगों के बीच दोस्ती पर गर्व महसूस करते हैं। वुसिक ने सर्बियाई भाषा में 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत हमारे लिए विश्वसनीय और महत्वपूर्ण साझेदार है, और हम आर्थिक आदान-प्रदान को गहरा करना चाहते हैं तथा नयी निवेश परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। मुझे विशेष रूप से खुशी है क्योंकि भारत सर्बियाई एक्सपो में महत्वपूर्ण भागीदारी चाहता है।'

## कोझिकोड में भीषण आग से कपड़ा शोरूम जलकर खाक, करीब 50 करोड़ रुपये का नुकसान

**कोझिकोड:** कोझिकोड रेलवे स्टेशन के पास कपड़ों के एक शोरूम में भीषण आग लगने से 50 करोड़ रुपये का माल जलकर खाक हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 'जयलक्ष्मी सिल्क्स' शोरूम में मंगलवार शाम को आग लगी जिस पर दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद काबू पाया। प्रतिष्ठान द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आग से लगभग 50 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। शोरूम के मालिक गोविंद कामत ने कहा कि यह नुकसान 2023 में लगी आग से हुए नुकसान की तुलना में तीन गुना अधिक है। इससे पहले एक अप्रैल, 2023 को इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लगी थी। उन्होंने बताया, उस समय केवल एक मंजिल को नुकसान पहुंचा था। इस बार दो मंजिलें प्रभावित हुई हैं। कामत ने बताया कि इस बार आग उस कमरे से शुरू हुई जहां अतिरिक्त माल रखा गया था।

# भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क है : राष्ट्रपति मुर्मू



**विशाखापत्तनम:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशाखापत्तनम में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा के दौरान कहा कि भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने के साथ-साथ व्यापक समुद्री वाणिज्य गतिविधियों की स्थिरता में भी योगदान दे रही है। बंगाल की खाड़ी में भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर सवार होकर विशाखापत्तनम तट पर अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू.... आईएफआर) की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय नौसेना समुद्र में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और खतरों के खिलाफ रक्षा और प्रतिरोध के एक विश्वसनीय साधन के रूप में क्षेत्र में तैनात है। मुर्मू ने कहा, भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सर्तक है और व्यापक समुद्री वाणिज्यिक गतिविधियों की स्थिरता में योगदान दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना दुनिया भर की नौसेनाओं के साथ सद्भावना को बढ़ावा देने और विश्वास, भरोसे व दोस्ती का सेतु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रपति के अनुसार, विशाखापत्तनम का समुद्री इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने कहा कि आज का आयोजन विशाखापत्तनम के निरंतर नौसैनिक महत्व को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना की पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) का मुख्यालय विशाखा-पत्तनम में स्थित है। भारत और उसके मित्र देशों की नौसेनाओं के युद्धपोतों के प्रभावशाली बेड़े और नौसैनिकों के प्रदर्शन को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उन्हें बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएफआर समुद्री परंपराओं के प्रति राष्ट्रों के बीच एकता, विश्वास और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के जहाज और अलग-अलग देशों के नाविक एकजुटता की भावना का प्रदर्शन करते हैं। मुर्मू ने समुद्रों के साथ भारत के संबंधों पर कहा कि यह संबंध सदियों पुराने, गहरे और स्थायी हैं। उन्होंने महासागरों को भारत के लिए वाणिज्य, संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मार्ग बताया। राष्ट्रपति ने कटक में 'कार्तिक पूर्णिमा' से शुरू होने वाले सप्ताह के दौरान उत्साहपूर्वक मनाए जाने वाले 'बाली यात्रा' उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह त्योहार वर्तमान ओडिशा के प्राचीन नाविकों के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह उत्सव प्राचीन कलिंग काल से विभिन्न उद्देश्यों के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया की नियमित समुद्री यात्राओं की परंपरा को परिलक्षित करता है। राष्ट्रपति ने कहा, इन यात्राओं ने व्यापार और वस्तुओं, विचारों और मूल्यों के आदान-प्रदान और उनकी भावना में योगदान दिया है, जिसने पूरे क्षेत्र में एक साझा सांस्कृतिक चेतना को आकार दिया।

## एआई के लोकतंत्रीकरण संबंधी भारत के प्रयासों का समर्थन करते हैं: स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली:** स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति जी. पार्मेलिन ने बुधवार को कहा कि उनका देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के लोकतंत्रीकरण संबंधी भारत के प्रयासों का पूरी तरह से समर्थन करता है। उन्होंने इसी के साथ एआई इम्पैक्ट समिट में इस प्रौद्योगिकी की क्षमता से वैश्विक स्तर पर सभी को लाभ मिलने के विचार और इसे केंद्र में रखने का स्वागत किया। पार्मेलिन ने 'पीटीआई-भाषा'को दिए साक्षात्कार में सीमा पार डेटा के आदान-प्रदान का समर्थन करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी डिजिटल प्रौद्योगिकियों से संभावित लाभों का दोहन करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने साथ ही राष्ट्रों की डेटा संप्रभुता की रक्षा के लिए सिद्धांत और नियम बनाने की भी वकालत की। उम्मीद की जा रही है कि एआई इम्पैक्ट समिट की अगली मेजबानी स्विट्जरलैंड करेगा। पार्मेलिन ने कहा, 'स्विट्जरलैंड एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य का स्वागत करता है, जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दुनिया में हर कोई एआई की क्षमता से लाभान्वित हो सके और कोई भी पीछे न छूटे।'' उन्होंने कहा,'इस संबंध में भारत में आयोजित शिखर सम्मेलन द्वारा स्थापित सिद्धांत उपयोगी मार्गदर्शन करते हैं। नयी दिल्ली में स्थापित स्वैच्छिक सहयोग की संरचनाएं ऐसा आधार प्रदान करती हैं जो हमें इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद कर सकती हैं।' पार्मेलिन उन लगभग 20 वैश्विक नेताओं में शामिल हैं जो नयी दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा ले रहे हैं।

# दुबे और चक्रवर्ती ने भारत को नीदरलैंड पर 17 रन की जीत दिलाई



**अहमदाबाद :** शिवम दुबे की विस्फोटक बल्लेबाजी और वरुण चक्रवर्ती की धारदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में नीदरलैंड को 17 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत चार मैचों में आठ अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि नीदरलैंड चार में से एक जीत के साथ दो अंक लेकर बाहर हो गया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने छह विकेट पर 193 रन बनाए। एक समय टीम 110 रन पर चार विकेट गंवाकर दबाव में थी, लेकिन शिवम दुबे (31 गेंद में 66 रन, छह छक्के, चार चौके) और हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 76 रन की तेज साझेदारी कर मैच का रुख बदल दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी योगदान दिया। भारत ने अंतिम पांच ओवरों में 75 रन जोड़े।लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की शुरुआत धीमी रही। टीम पावर प्ले में एक विकेट पर 36 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती (14 रन पर तीन विकेट) ने मध्य ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच भारत की झोली में डाल दिया। शिवम दुबे ने भी दो अहम विकेट लिए। नीदरलैंड की ओर से बास डि लीडे (33), नोह क्रोस (नाबाद 25) और जैक लियोन कैशे (26) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी।तेज गेंदबाज लोगान वान बीक ने 56 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत अब सुपर आठ चरण में इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

### दबाव में था पर इन हालात में बल्लेबाजी करना पसंद है: दुबे

**अहमदाबाद :** मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए दुबे ने भारत की 17 रन की जीत के बाद कहा, ''स्थिति थोड़ी मुश्किल थी लेकिन यह ऐसी स्थिति है जिसमें मुझे बल्लेबाजी करना पसंद है। मैं लुत्फ उठा रहा था। हालांकि मुझ पर दबाव था। ''उन्होंने कहा, ''गेंद स्किड हो रही थी और नीची रह रही थी। एक गेंद काफी स्पिन भी हुई। मुझे पता था कि मैं बड़े शॉट खेल सकता हूं लेकिन स्थिति की मांग शुरुआत में कुछ अलग थी। मैं बाउंड्री मारने की कोशिश करता हूं और छक्के मारने में मजा आता है। मुझे पता है कि सभी गेंदबाज मुझे छकाने की कोशिश करेंगे। धीमी गेंद डालेंगे इसलिए मैंने खुद को तैयार किया।''

## न्यूज ब्रीफ

### दक्षिण अफ्रीका ने यूएई को छह विकेट से हराया

**नयी दिल्ली :** अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के आखिरी ग्रुप लीग मैच में यूएई को बुधवार को छह विकेट से हरा दिया। कोर्बिन बॉश के तीन और एनरिच नॉर्किया के दो विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य 13.2 ओवर में चार विकेट पर 123 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के लिये डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंद में 36 और रियान रिकेलटन ने 16 गेंद में 30 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका को अब सुपर आठ के पहले मुकाबले में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैम्पियन भारत से खेलना है।

### स्कॉटलैंड के मुन्से को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार

**मुंबई :** स्कॉटलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से को यहां नेपाल के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच के दौरान विज्ञापन बोर्ड पर अपना हेलमेट फेंकने के लिए फटकार लगाई गई है और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। मुन्से को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या पोशाल, मैदान के उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग' से संबंधित है। इसके अलावा मुन्से के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। यह उनके लिए 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना स्कॉटलैंड की पारी के 10वें ओवर के समापन पर हुई जब मुन्से ने आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम में वापस जाते समय अपना हेलमेट विज्ञापन बोर्ड पर फेंक दिया। मुन्से ने अपराध और सजा स्वीकार कर ली जो आईसीसी मैच रैफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के डेविड गिल्बर्ट ने प्रस्तावित की थी जिसके कारण औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

## सुपर आठ से पहले इटली पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा वेस्टइंडीज

**कोलकाता :** दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वेस्टइंडीज का प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज 23 फरवरी को मुंबई में जिम्बाब्वे और 26 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। इसके बाद वह एक मार्च को सह-मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए यहां वापस लौटेगा। ईडन गार्डन्स में होने वाले उस मुकाबले को देखते हुए वेस्टइंडीज की टीम इस मैदान से अनुकूल होने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के लिए यह अच्छी खबर है कि उसके कप्तान शाई होप ने सही समय पर लय हासिल कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ शून्य और स्कॉटलैंड के खिलाफ 19 रन के मामूली प्रदर्शन के बाद इस सलामी बल्लेबाज ने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ 44 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शिमरोन हेटमायर ने मध्य क्रम को मजबूती दी है। उन्होंने इसी मैदान पर स्कॉटलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में 64 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने नेपाल के खिलाफ नाबाद 46 रन बनाए।

## पाकिस्तान की हॉकी टीम के कप्तान शकील ने कहा, हमें खेलने के लिए जाने से पहले बर्तन धोने पड़े

**कराची :** पाकिस्तान हॉकी टीम के कप्तान शकील अम्माद बट ने ऑस्ट्रेलिया के उथल-पुथल भरे दौरे से लौटने के बाद राष्ट्रीय महासंघ की जमकर आलोचना की और कहा कि इस दौरे के दौरान उनकी टीम को न केवल होटल में बुकिंग नहीं होने के कारण सड़कों पर भटकना पड़ा, बल्कि मैच खेलने के लिए जाने से पहले बर्तन भी धोने पड़े। बट ने बुधवार को सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) उनसे झूठ बोल रहा था और ''अब पानी सिर के ऊपर से बाहर चला गया है। '' बट ने कहा, ''हम महासंघ के मौजूदा प्रबंधन के रहते हुए खेलना जारी नहीं रख सकते। जब खिलाड़ियों को मैच खेलने जाने से पहले रसोई साफ करनी पड़ती है और बर्तन धोने पड़ते हैं तो आप हमसे कैसे अच्छे परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं। '' सरकारी स्वामित्व वाले पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने यह पुष्टि की थी कि उसने ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय टीम के होटल में ठहरने की व्यवस्था के लिए पीएचएफ को एक करोड़ से अधिक पाकिस्तानी रुपये दिए थे। इसके बाद पीएचएफ को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान हॉकी टीम को कैनबरा जाने वाली अपनी अगली उड़ान से पहले सिडनी हवाई अड्डे पर 13-14 घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इससे भी अधिक चिंताजनक खबरें तब सामने आईं जब टीम एफआईएच प्रो लीग मैचों से पहले अपने होटल में पहुंची थी।

## मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का अभियान बहुत खराब रहा: पोंटिंग



**नयी दिल्ली :** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी 'रिव्यू' में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था। पोंटिंग ने कहा, ''जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी। ''उन्होंने कहा, ''इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है। ऑस्ट्रेलिया को वह प्रदर्शन नहीं मिला। '' पूर्व कप्तान ने शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन की ओर इशारा किया जिसमें तीसरे नंबर पर कैमरन ग्रीन और चौथे नंबर पर टिम डेविड शामिल थे। साथ ही श्रीलंका के खिलाफ मैच में टीम ने आखिरी ओवरों में 20 रन पर छह विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में जगह बनाने में विफल रहा क्योंकि उसे जिम्बाब्वे से 23 रन की उलटफेर भरी हार का सामना करना पड़ा। पोंटिंग का मानना है कि इसी हार ने उनका अभियान लगभग खत्म कर दिया। उन्होंने कहा, ''यह सचमुच बहुत खराब अभियान रहा। जिस तरह वे जिम्बाब्वे से हारे, यह वही मैच होगा जिसे वे याद करेंगे और सोचेंगे कि इसी मैच से हमारा विश्व कप खत्म हो गया।''

### जम्मू कश्मीर ने रचा इतिहास, 67 साल में पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल) :** जम्मू कश्मीर ने बुधवार को यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से हराकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए। इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। जम्मू कश्मीर ने 2013-14 के सत्र में एक दशक से अधिक समय में पहली बार नॉकआउट राउंड के लिए क्वालीफाई किया था। जम्मू कश्मीर में मंगलवार को तीसरे के दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 43 रन बनाए थे।

## फरहान के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान पहुंचा सुपर आठ में



**कोलंबो :** सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के पहले शतक के बाद स्पिनर शादाब खान (19 रन देकर तीन विकेट) और उस्मान तारिक (16 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मैच में नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया। फरहान की 11 चौके और चार छक्के जड़ित 58 गेंद की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फरहान को 50 से 100 रन तक पहुंचने में महज 20 गेंद लगी। वह विश्व कप में शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 2014 में मीरपुर में अहमद शहजाद ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था। पाकिस्तान ने 'मिस्ट्री' स्पिनर तारिक और लेग स्पिनर शादाब के स्पिन जाल से दबदबा बनाते हुए नामीबिया की टीम को 17.3 ओवर में महज 97 रन पर समेट दिया। सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने भी एक एक विकेट झटका। इस तरह नामीबिया का अभियान चारों मैच में हार के साथ समाप्त हुआ। इस जीत से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के अगले चरण के लिए अपना क्वालीफिकेशन भी सुनिश्चित किया जो 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सह मेजबानी में खेला जाएगा। यह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी है। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम साइम अयूब (14 रन) का विकेट गंवाकर पावरप्ले में महज 47 रन ही बना सकी।



# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा



**मुंबई :** मजबूत वैश्विक रुझान के बीच बुधवार को बैंक, धातु एवं एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 283 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 94 अंक की मजबूती रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 83,734.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 83,770.05 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील, आईटीसी, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से बढ़त रही। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

### सिगरेट कंपनियों के शेयर 20 प्रतिशत तक चढ़े

**नयी दिल्ली :** सिगरेट और तंबाकू उत्पाद विनिर्माता कंपनियों आईटीसी, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया और वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों में बुधवार को 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इन कंपनियों ने उत्पाद शुल्क में हालिया बढ़ोतरी की भरपाई के लिए सिगरेट की कीमतों में बढ़ोतरी की है, जिससे इनके शेयरों में उछाल आया। गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया का शेयर बीएसई में 19.93 प्रतिशत बढ़कर 2,479.75 रुपये पर बंद हुआ। सत्र के दौरान, यह एक्सचेंज पर 2,481.30 रुपये के दिन के कारोबार के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया – जो इसकी ऊपरी सर्किट सीमा भी है। वीएसटी इंडस्ट्रीज का शेयर 2.97 प्रतिशत बढ़कर 246.55 रुपये पर बंद हुआ, जबकि आईटीसी ने लगातार तीसरे सत्र में बढ़त हासिल की और इसका शेयर 2.21 प्रतिशत बढ़कर 332.50 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### मजबूत वैश्विक रुख से चांदी 1,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये पर, सोना टूटा

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किग्रा हो गई हैं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,56,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, ''बुधवार को चांदी में हल्की बढ़त हुई, जो हाल की तेज गिरावट के बाद स्थिर हुई क्योंकि निचले स्तर पर सटोरिया लिवाली उभरी।''

### सर्वम एआई मई में पेश करेगी स्वदेशी 'स्मार्ट चश्मा', एचएमडी के साथ भी साझेदारी

**नयी दिल्ली :** भारतीय एआई मॉडल विकसित करने वाली कंपनी 'सर्वम' इस साल मई तक भारत में निर्मित अपना 'स्मार्ट चश्मा' बाजार में उतारने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को संबोधित करते हुए सर्वम के सह-संस्थापक प्रत्युष कुमार ने फीचर फोन में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी लाने के लिए मोबाइल फोन निर्माता 'एचएमडी' के साथ साझेदारी की घोषणा की। उन्होंने प्रौद्योगिकी की सभी परतों में 'संप्रभुता' बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुमार ने कहा, हम भारत में डिजाइन किए गए पहले स्मार्ट ग्लास 'सर्वम काज़े' पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में मौजूद अन्य स्मार्ट चश्मों के विपरीत, सर्वम का यह स्मार्ट चश्मा डेवलपर को इस उपकरण के आधार पर और अधिक एप्लिकेशन तैयार करने की सुविधा प्रदान करेगा। कुमार ने बताया कि इसे मई तक पेश करने की तैयारी है। इसके अलावा, सर्वम ने भारतीय भाषाओं और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप 'जनरेटिव एआई' समाधान विकसित करने के लिए दिग्गज चिप निर्माता क्वालकॉम के साथ सहयोग की घोषणा की।

## भारत अब खाद्य अधिशेष वाला देश, दूसरों की भी कर सकता है मदद: चिराग पासवान



**नोएडा :** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को कहा कि भारत खाद्यान्न के मामले में कमी वाले देश से अब अधिशेष उत्पादन वाले राष्ट्र में बदल चुका है और खाद्य सुरक्षा की चुनौती झेल रहे देशों की मदद करने की स्थिति में भी है। पासवान ने यहां एमिटी यूनिवर्सिटी में आयोजित 26वें अंतरराष्ट्रीय बिजनेस समिट एवं रिसर्च कॉन्फ्रेंस 'इनबश एरा 2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही। पासवान ने कहा, एक समय भारत खाद्यान्न के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था, लेकिन आज हम जरूरत से अधिक उत्पादन कर रहे हैं और अन्य देशों को भी सहयोग दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि 21वीं सदी का अगला चरण, 2025 से 2050 तक का कालखंड, देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, युवाओं के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। वे आने वाले समय में नेतृत्व की भूमिका निभाएंगे और कई चुनौतियों का सामना करेंगे। पासवान ने भरोसा जताया कि भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व का लक्ष्य भी रखता है। इस अवसर पर एमिटी एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अशोक के चौहान ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी।

## चीनी रोबोट को खुद का बताने वाले गलगोटिया विश्वविद्यालय को एआई समिट से बाहर किया गया



**नयी दिल्ली :** निजी विश्वविद्यालय गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में अपना स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। चीन में निर्मित एक 'रोबोटिक डॉग' को अपने स्वयं के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों। आयोजकों द्वारा गलगोटिया विश्वविद्यालय को अपना 'स्टॉल' खाली करने के लिए कहे जाने के बाद उन्होंने कहा, ''हम इस तरह की चीजों को प्रदर्शित करना जारी नहीं रखना चाहते।'' यह विवाद तब शुरू हुआ जब विश्वविद्यालय में संचार की प्रोफेसर नेहा सिंह ने मंगलवार को डीडी न्यूज को 'ओरियन' नामक एक 'रोबोटिक डॉग' को दिखाते हुए कहा था कि इसे '' गलगोटिया विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस द्वारा विकसित किया गया है।'' वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद लोगों ने इस रोबोट के वास्तव में एक 'यूनिट्री गो2' होने की बात कही जिसे चीन की यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा निर्मित किया गया है। इसका इस्तेमाल आमतौर पर दुनिया भर में अनुसंधान एवं शिक्षा के लिए किया जाता है। विवाद अधिक बढ़ने पर विश्वविद्यालय को स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है।

## भारत एआई क्षेत्र में अगुवा बनने की मजबूत स्थिति में: ऋषि सुनक



**नयी दिल्ली :** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत अपने प्रतिभा भंडार और मजबूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के बल पर कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अगुवा बनने और समाज में इसके व्यापक अनुपालन का उदाहरण पेश करने की स्थिति में है। सुनक ने यह टिप्पणी यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान एक संवाद सत्र में की। इस सत्र का आयोजन कार्नेगी इंडिया ने ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन एवं अन्य साझेदारों के साथ किया था। इस दौरान सुनक ने कहा कि एआई को लेकर दुनिया भर में अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। उन्होंने कहा, एआई को लेकर भारत में जबर्दस्त आशावाद और भरोसा है, जबकि पश्चिमी देशों में इस समय प्रमुख भावना चिंता की है। इस भरोसे के अंतर को पाटना केवल प्रौद्योगिकी नहीं, बल्कि एक नीतिगत चुनौती है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहते समय नवंबर, 2023 में बकिंघमशायर में आयोजित 'एआई सेफ्टी समिट' का उल्लेख करते हुए सुनक ने कहा कि शुरुआती संदेह के बावजूद उस सम्मेलन से 'एआई सुरक्षा संस्थानों' की स्थापना जैसी ठोस पहल सामने आई, जो इस प्रौद्योगिकी से जुड़े जोखिमों के प्रबंधन में मददगार हैं। उन्होंने कहा कि एआई पर वैश्विक बहस तकनीक से आगे बढ़कर रणनीति पर केंद्रित हो गई है। उन्होंने कहा, मुद्दा अब यह नहीं है कि ये उपकरण क्या कर सकते हैं, बल्कि यह है कि देश इनके साथ क्या करना चुनते हैं।

## गूगल भारत-अमेरिका के बीच बिछाएगी समुद्री केबल, तीन करोड़ डॉलर के 'एआई साइंस चैलेंज' की घोषणा



**नयी दिल्ली :** भारत की एआई (कृत्रिम मेधा) क्षमता पर बड़ा दांव लगाते हुए गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने बुधवार को भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए समुद्र के भीतर केबल बिछाने की एक नयी पहल की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों को क्लाउड अवसंरचना मंच सहायता प्रदान करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की। 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में हिस्सा लेने आए पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद एक मीडिया कार्यक्रम में कहा, ''एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। भारत जैसे देशों के लिए यह पुरानी कमियों को दूर करने और नए अवसर पैदा करने का एक बड़ा मौका है।'' शोध एवं वैज्ञानिक नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने तीन करोड़ डॉलर के 'एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज' की घोषणा की। यह पहल अगली पीढ़ी की वैज्ञानिक खोजों में लगे एआई शोधकर्ताओं का समर्थन करेगी। पिचाई ने विशाखापत्तनम में हाल ही में घोषित 15 अरब डॉलर के एआई केंद्र का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें 'गीगावाट-स्केल कंप्यूट' सुविधा और एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री केबल केंद्र होगा। जब यह बनकर तैयार होगा, तो यह पूरे भारत के व्यवसायों और लोगों तक उन्नत एआई के लाभ पहुंचाएगा और बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले सुंदर पिचाई, एआई सहयोग पर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली :** गूगल और उसकी मूल कंपनी अल्फाबेट इंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस दिशा में भारतीय विद्यार्थियों व पेशेवरों के साथ इस दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी के संभावित सहयोग पर चर्चा की। पिचाई यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' और प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आए हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के इतर सुंदर पिचाई से मिलकर खुशी हुई। भारत द्वारा एआई के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व पेशेवरों के साथ गूगल किस प्रकार काम कर सकती है, इस पर चर्चा हुई।''

वर्ष 10, पूर्णांक 3508 अंक 318 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in